निमाड़ी गीत

मध्यप्रदेश के निमाड़ जनपद के संस्कार गीत एवं उनकी स्वरलिपि

श्रीमती हेमलता उपाध्याय

निमाड़ी गीत

मध्यप्रदेश के निमाड़ जनपद के संस्कार गीत एवं उनकी स्वरलिपि

श्रीमती हेमलता उपाध्याय

प्रधान सम्पादक
श्रीराम तिवारी

सम्पादक
अशोक मिश्र

आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् भोपाल का प्रकाशन

प्रकाशक – आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्
मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002
मध्यप्रदेश, भारत
फोन – 0755-2661948, 2661640
E-mail : mplokkala@rediffmail.com
mptribalmuseum@gmail.com
web. : www.mptribalmuseum.com

प्रकाशन वर्ष – वर्ष 2014 प्रथम संस्करण

स्वत्वाधिकार – आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्

शब्दांकन – आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्

मुद्रण – मध्यप्रदेश माध्यम, भोपाल

मूल्य – 300/- रुपये (तीन सौ केवल)

■ पुस्तक से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्यायालयीन कार्य क्षेत्र भोपाल होगा।

■ पुस्तक में प्रकाशित समस्त सामग्री लेखक की है, आवश्यक नहीं कि प्रकाशक इससे सहमत हो।

ISBN - 978-93-83118-97-7

जनपदीय गीत सांस्कृतिक परम्परा के आधार हैं। वाचिक परम्परा में लोकगीत शब्द रचना और संगीत रचना एक साथ है। संस्कारों के गीत विभिन्न अवसर और अनुष्ठानों तथा लोकाचारों से जुड़े हुए हैं। वे साहित्य और संगीत की लोकपरम्परा से आगे हमारी सांस्कृतिक चेतना और स्वरूप का दर्शन हैं। निमाड़ी गीत मूलत: स्त्रियों का गान हैं, उनकी भावाभिव्यक्ति हैं। निमाड़ी गीतों के भाव, सम्वेदना और संगीत में आंचलिक संस्कृति का हार्द्र बसता है।

निमाड़ी गीतों के माध्यम से हम जनपदीय भूगोल और उसके जीवन के उदात्त पक्षों, स्वप्नों, अकांक्षाओं तथा आचरण को सहजता से समझ सकते हैं। वाचिकता में गीत की यात्रा ही इसकी प्रमाणिकता है कि गीत में वर्णित तथ्य और संकेत उस जनपद के जीवन आचरण का हिस्सा हैं।

निमाड़ी की वाचिक परम्परा अत्यंत समृद्ध रही है। विविधतापूर्ण वाचिक साहित्य के गीतों पर आधारित यह पुस्तक आपके हाथों में है। श्रीमती हेमलता उपाध्याय ने अकादमी के आग्रह पर गीतों के संग्रह अनुवाद एवं उसकी स्वरलिपि तैयार करने की कृपा की है। अकादमी इस उदारता के लिए कृतज्ञता व्यक्त करती है।

- सम्पादक

अपनी बात

देववाणी संस्कृत विश्व की समस्त बोलियों-भाषाओं की जननी है। हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी भी इन बोलियों से पोषित हुई है। राष्ट्रहित में भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन हेतु शासन की विभिन्न योजनाएँ सराहनीय एवं प्रेरक हैं।

राष्ट्रभाषा हिन्दी को पोषित करने वाली तथा राष्ट्रीय एकता को एक सूत्र में पिरोने वाली हमारी असंख्य बोलियों में मध्यप्रदेश की एक प्रमुख बोली निमाड़ी का भी वैसा ही महत्त्व है, जैसा एक पुष्प की सुंदरता में उसकी एक-एक पंखुड़ी का महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक पंखुड़ी की अपनी विशेषताएँ तो हैं, किन्तु समवेत रूप में हर छोटी-बड़ी पंखुड़ी पुष्प को सर्वांगीण सुन्दर बनाने में योगदान देती है।

आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा समय-समय पर आयोजित श्रुति कार्यक्रमों एवं विचार गोष्ठियों में यही निष्कर्ष निकले कि संस्कृति संरक्षण हेतु इन बोलियों-भाषाओं के पारंपरिक गीतों की स्वरलिपि तैयार करना आवश्यक है। साथ ही मौलिक लोकधुनों में लोकगीतों का (ध्वन्यांकन कैसेट्स, सीडी आदि के रूप में) कर संरक्षित करना अनिवार्य है, अन्यथा हम अपनी मौलिक एवं विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति का बहुत कुछ खो बैठेंगे। अत: इस दिशा में निमाड़ी गीतों की स्वरलिपि रचना का यह प्रयास आपके समक्ष प्रस्तुत है। हमारे लोकगीत सागर में अनगिनत अनमोल रत्न की तरह हैं। असंख्य, अनाम, अज्ञात लोकगीत रचनाकारों, संगीतकारों के हम आभारी हैं, जिनसे हमें लोक गीतों का अक्षय भंडार विरासत में मिला। इन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक अविकल पहुँचाने के दायित्व निर्वहन से ही उनके ऋणों से उऋण होना संभव है।

वाचिक परंपरा से पीढ़ी दर पीढ़ी महिलाओं द्वारा हम तक आने वाले इन गीतों में विकास की दौड़, फिल्म प्रभाव, पश्चिम के अंधानुकरण एवं अज्ञानतावश दीर्घ अवधि में कुछ दोष भी आ गये, विशेषकर ताल, स्वर एवं विषयवस्तु की प्रस्तुति एवं धुनों में- किन्तु श्रमसाध्य, दुष्कर और इस महान कार्य संपादन में सरलता से दूषण दूर भी हुए।

पूर्ण सतर्कता से स्वरलिपि रचना में इनकी मौलिकता एवं पारंपरिकता का ध्यान रखा गया है। शास्त्र-सिद्धान्त और लोक-व्यवहार में स्वाभाविक रूप से अन्तर होता है। शास्त्र में नियम पालन व अनुशासन की कठोरता भी होती है, किन्तु लोक नियमों से दृढ़ता पूर्वक बंधा नहीं रहता। सहजता, सरलता, स्वाभाविकता व सरसता को वह सहज अपनाता है एवं अनुकरण कर लेता है। प्राकृतिक निर्झरणी की तरह स्वत: स्फूर्त्त ये लोक-रचनायें निरन्तर मधुरता के साथ नि:सृत होती रहीं और लोक गंगा को युगों-युगों से समृद्ध करती रही हैं- जो जीवन की एकरूपता व नीरसता को भंग कर आनन्द का संचार करने और सबको एक सूत्र में बांधे रखने की क्षमता रखती हैं। इन लोक रचनाकारों ने भले ही शास्त्र नियमों या संगीत की विभिन्न राग-रागिनियों में इन गीतों को नहीं रचा होगा, किन्तु स्वाभाविक रूप से ही इनमें शास्त्र सम्मत अनेक राग-रागिनियों के दर्शन हुये। स्वरलिपि रचना में गीतों की उत्पत्ति, थाट-राग, ताल, स्वर आदि को खोजने का अलग से कोई विशेष प्रयास नहीं करना पड़ा। आश्चर्य चकित हो इन गीतों की सर्वांगीणता को देखकर अपने उन अनाम रचयिताओं के प्रति नतमस्तक हूँ।

धन्य हैं हमारी पूर्वज महिलायें जिन्होंने वाचिक परंपरा से हम तक इन गीतों को सुरक्षित पहुँचाया। हम आभारी हैं, उन अनाम लोक गीतकारों के जिन्होंने इन गीतों की रचनायें कर उन्हें लोक सागर में सम्मिलित किया और अपने नामों को विसर्जित कर वे अमर हो गये। निश्चित ही हमारे इस प्रथम प्रयास में कुछ त्रुटियाँ संभव हैं, किन्तु विश्वास है कि हमारे उद्देश्य और प्रथम प्रयास को **विज्ञ-जन** अमूल्य मार्गदर्शन से हमें प्रोत्साहित करेंगे। इस विशद् कार्य के संपादन में सुश्री मनोनीता मुकर्जी एवं सुश्री वर्षा मालवीय का अमूल्य सहयोग मिला, जिनके बिना यह कार्य मुझ अल्पज्ञ से अकेले कर पाना संभव नहीं था। उनकी मैं विशेष आभारी हूँ।

श्रीमती पद्मा अत्रे, श्रीमती वर्षा मिश्रा एवं श्री गोविन्द दरबार जी का सहयोग भी मेरा संबल था। आदरणीय पद्मश्री रामनारायण जी उपाध्याय की प्रेरणा से मेरा लोक गीतों की ओर रूझान बढ़ा। श्री अशोक मिश्र की प्रेरणा से यह लोकगीत स्वरलिपि रचना आकार ले सकी। अत: उनकी मैं आभारी हूँ।

मैं अपनी माँ श्रीमती सुशीला देवी पारे, नानी श्रीमती नर्मदा बाई साकल्ले, सासू माँओं श्रीमती शकुन्तला देवी एवं सुभद्रा देवी उपाध्याय, श्रीमती जमुना देवी उपाध्याय, श्रीमती विमला साकल्ले के प्रति अनुगृहीत हूँ, जिनसे मुझे समय-समय पर ये गीत मिले और उनका मार्गदर्शन भी। इनके अतिरिक्त अन्य अनेक महिलाओं के सहयोग के लिये मैं आभारी हूँ।

निमाड़ी पारंपरिक कुछ गीतों की स्वर-लिपि रचना को सौंपते हुये मुझे खुशी है। आपके आशीर्वाद और प्रतिक्रिया की आकांक्षा रहेगी।

- हेमलता उपाध्याय

अनुक्रम

संस्कार गीत – 11

पर्व -त्योहार के गीत – 120

अन्य गीत – 247

संस्कार गीत

श्री गणेश

पयलऽ मनाऊँ म्हारा गणपति देवाऽ
विघन हटाओ गिरजा का लाल तुम कवाणऽ वाळा
सोय सिंदूर लाल मोतियन की गळ माळ
कंठ बिराजो स्वामी आणंद का बढ़ावणऽ वाळा ।।
डमरू तिरसूळ हात, सारद खऽ लियो साथ
मूषक सवारी भोग मोदक का लगावण वाला ।।
अब तो भरोसो थारो, करजे संकट खऽ न्यारोऽ
आई शरण मं ऽ थारी बुद्धि का बढ़ावणऽ वाळा ।।
भगवन को करूँ ध्यान, रखजे सभा मंऽ मान
गिरधर अजाण थारो दास हऊँ कवाणऽ वाळो ।।

हमारे देश में कोई भी शुभ कार्य आरंभ करने के पूर्व गणपति जी का आह्वान किया जाता है, क्योंकि वे अत्यन्त सहज-सरल और सबकी सहायता करने के लिये तत्पर रहने वाले लोक देवता हैं, जो शीघ्र प्रसन्न भी हो जाते हैं और विघ्न-बाधाओं को दूर कर सदैव कार्यों को सानन्द संपन्न करवाते हैं। इसीलिये किसी कार्य को आरंभ करने के लिये कार्य का 'श्री गणेश करना' भी मुहावरा प्रचलित हो गया। श्री गणेश कला और संगीत के देवता हैं। विभिन्न संस्कारों, अवसरों पर सर्वप्रथम गणेश स्थापना, पूजन और वन्दन तथा उनके गीत-गायन की प्राचीन व सनातन परंपरा है।

पारंपरिक निमाड़ी लोक गीतों के स्वर–लिपि–लेखन के इस दुरूह, आवश्यक, ऐतिहासिक महान कार्य को गणेश जी, सरस्वती जी, गुरू एवं हमारे पूर्वज ही संपन्न करवा रहे हैं, ऐसा मेरा विश्वास है। इस कार्य की सिद्धि हेतु भी प्राचीन प्रचलित यह गणपति जी का गीत सर्वप्रथम प्रस्तुत है, जिसमें उनके रूप, वेश–भूषा, वाहन, प्रिय भोजन का उल्लेख करते हुये उनसे विघ्न नाश कर संकट से बचाकर कार्य सिद्धि हेतु प्रार्थना की गई है।

राग–भैरवी ताल–कहरवा
थाट–भैरवी स्वर– रे ग ध नि

पयल ऽ मनाऊँ म्हारा गणपति देवा ऽऽऽ.....

स्थाई

× – – –	0 – – –	× – – –	0 – – –
–सा सा सा	सा – रे –	ग – म –	ग– रे ग
प ऽ य	ल ऽ म ऽ	ना ऽ ऊं ऽ	म्हा ऽ रा ऽ
ग ग ग ग	म – ध ध	प – म –	ग – रे –
ऽ ग ऽ ण	प ऽ ति ऽ	दे ऽ ऽ ऽ	वा ऽ ऽ ऽ
सा – सा –	ध – ध –	प – ध –	प प म म
ऽ ऽ वि ऽ	घन ऽ ह ऽ	टा ऽ ओ ऽ	गि र जा क
रे –म –	ग – ग रे	सा – नि सा	ध – ध –
ला ऽ ल ऽ	तु ऽ म क	वा ऽ ण ऽ	वा ऽ ळा ऽ

अन्तरा

–– सा –	सा – रे –	ग – म –	ग रे ग –
ऽ ऽ सो ऽ	य ऽ सिं ऽ	दू ऽ र ऽ	ला ऽ ल ऽ
– ग – ग	म – ध –	प – म –	ग ग रे रे
ऽ मो ऽ ति	य ऽ न की	ग ऽ ळ ऽ	मा ऽ ऽ ऽ
सा सा सा –	ध – ध –	प – ध –	प प म म
ऽ ल कं ऽ	ठ ऽ बि ऽ	रा ऽ जो ऽ	स्वा – मि ऽ
रे – म म	ग – रे –	सा – नि सा	ध – ध –
आ ऽ णं द	का ऽ ब ऽ	ढ़ा ऽ व ण	वा ऽ ळा ऽ

गणेश वन्दना

करूँ वन्दन हऊँ विघनहरनार 2
गौरी नन्दन, गौरीनन्दन हो शंभुकुमार..... 2।। करूँ वंदन हऊँ.....
तुम गणाओ हो बुद्धि का दाता 2
सब देव तुम्हारा गुण गावता ऽ ऽ 2
शुभ कारज मंऽ, शुभ कारज मंऽ सुमरऽ संसार।। करूँ वन्दन हऊं....
देव देवो मखऽ सद्बुद्धि ऽ ऽ 2
होवऽ अन्तः करण की शुद्धिऽ ऽ 2
यई मांगू हऊं गुण का भंडार..... 2।। करूँ वंदन .....
ज्ञान-वाणी - विचार विमल करजो ऽ..... 2
उर मंऽ भक्ति को पूर तुम भरजो ऽ..... 2
लाज राखोऽ ऽ ऽ , लाज राखोऽ हो शंभु कुमार ऽ ऽ ...
करूँ वंदन हऊं विघनहरनार.....

विघ्नों के नाश करने वाले गौरी-पुत्र शिवकुमार गणेश मैं आपकी वन्दना करती हूँ। आप प्रसन्न होईये और मुझ पर कृपा कीजिए। आपकी गणना बुद्धि देने वाले देवता के रूप में होती है। सारे देवता आपका ही गुणगान करते हैं और सारा संसार शुभ कार्यों में सर्व-प्रथम आपको ही स्मरण करता है। हे ज्ञानदाता ईश्वर! आप मुझे सद्बुद्धि दीजिये। हे शंभु पुत्र गणेश जी! मेरी आपसे यही विनती है। आप अपने कृपापूर्वक वरदान से मेरे ज्ञान, वाणी एवं विचार को पवित्र कीजिये, निर्मल कीजिये। हे गुणों के भंडार! शंभु कुमार! गौरीनन्दन! आपसे मेरी यही प्रार्थना है।

राग - किरवानी	ताल - दादरा
थाट - आसावरी	स्वर - गंधार, धैवत कोमल, (ग - ध) कोमल

करूं वन्दन हऊँ विघनहरनार.....

स्थाई

× - - -	*0 - - -*	*× - - -*	*0 - - -*
सा नि़ -	*सा रे ग -*	*रे सा -*	*रे ग म*
क रूं ऽ	*वं ऽ दन*	*ह ऊं ऽ*	*वि घ न*

प म म	प प प	प म –	ग – रे
ऽ ह र	ना ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ र
सा नि़ –	सा रे ग –	रे सा –	रे ग म
क रूं ऽ	वं ऽ दन	ह ऊं ऽ	वि घ न
प म म	प प प	प – –	प – –
ऽ ह र	ना ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ र
प – ध	नि – सां	सां – –	नि – सां
गौ ऽ री	नं ऽ द	न ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
प – ध	नि सां सां	सां – सां	नि – सां
गौ ऽ री	नं द न	हो ऽ ऽ	शं ऽ ऽ
प – प	प – –	म – म	ग रे सा
भु ऽ कु	मा ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ र

अन्तरा

× – – –	0 – – –	× – – –	0 – – –
नि़ – सा	ग ग –	ग – –	रे ग रे
तु म ग	णा ऽ ऽ	ओ ऽ हो	बु ऽ द्धि
सा – –	रे – –	रे – –	रे – –
का ऽ ऽ	दा ऽ ऽ	ता ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
रे – ग	प – प	– प ध	प ध नि
स ऽ ब	दे ऽ व	ऽ तु ऽ	म्हा ऽ रा
ध – प	ग – प	म – म	म म म
गु ऽ ण	गा ऽ व	ता ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
प – ध	नि सां सां	सां – –	नि – सां
शु ऽ भं	का र ज	मं ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
प – ध	नि सां सां	सां – सां	नि सां सां
शु ऽ भं	का र ज	मं ऽ ऽ	सु ऽ म
प – प	प – –	म म म	ग रे सा
र ऽ सं	सा ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ र

गणपति आमंत्रण

आओ म्हारा गणपति इना दरबार..... 2
राम दरबार हो, भोळा दरबार..... 2
आओ रे गजानन म्हारा रहां, रिद्धि-सिद्धी साथ,
आओ हो गजानन तुम खऽ साजऽ दुई-दुई नार ।।
एक नार प्रभु पाणी सरावऽ, दूजी नार न्हवाड़ऽ..... 2
एक नारी प्रभु सवळ्यो लावऽ, दूजी नार पेरावऽ..... 2
चंदन तिलक लगाव एक नारी,सेंदूर लगाव दूजी नार हो..... 2
तिलक लगाव वो तो दुरवा चढ़ाव, फूलड़ा चढ़ाव, वो तो माला पेराव रेऽऽ
आओ म्हारा गणपति इना दरबार.....
एक नार प्रभु मोदक लावऽ, दूजी नार जिमाड़ऽ..... 2
एक नार प्रभु पाणी लावऽ, तो दूजी नार पेवाड़ऽ..... 2
बिडुलो बणावऽ एक नारी जो, दूजी नार रचाड़ ऽऽऽ..... 2
बिडुलो बणावऽ वो तो ताम्बुळ करावऽ रे ऽऽऽ,
आओ म्हारा.....
एक नार प्रभु सार बिछावऽ, दूजी नार जिताड़ऽ.....2
एक नार प्रभु झूळो बांधऽ, दूजी नार झुलावऽ..... 2
शयन लगावऽ एक नार जो दूजी नार पवड़ावऽ 2
रीझणों ढुलावऽ वो तो पांय दवाड़ऽ रे ऽऽऽ
आओ म्हारा गणपति इना दरबार

कार्यक्रम की सिद्धि के लिये सिद्धिदायक गणपति को सर्वप्रथम आमंत्रित किया जाता है। वे लोकदेवता हैं। वे अत्यंत सरल-सहज स्वभाव के हैं और सबकी मदद के लिये तैयार रहते हैं। जिसने उन्हें बुलाया है, घर के आत्मीय जन की तरह सर्वप्रथम आकर कार्यों की पूरी तैयारी में सहयोग करते हैं, कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर कार्य सफल करवा लेते हैं। शुभ कार्य हों या भजन अथवा भोजन आयोजन। उनके आ जाने पर निश्चिंतता हो जाती है।

आमंत्रित अतिथियों का समुचित आतिथ्य करना हमारी संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। उनका सेवा-सत्कार हमारा धर्म है। अत: प्रस्तुत गीत में गणेश जी के आवभगत-सत्कार का वर्णन है। गणपति जी के साथ उनकी पत्नियाँ रिद्धि-सिद्धि भी हैं। सेवा-सत्कार के इस गीत में पारंपरिक विधि के दर्शन होते हैं।

राग – काफी
थाट – काफी

ताल – कहरवा
स्वर – ग, नि कोमल

आओ म्हारा गणपति इना दरबार.....

स्थाई

× – – –	0 – – –	× – – –	0 – – –
सा ग॒ रे ग॒	सा रे प प	ग॒ रे सा नि	सा – सा –
आ वो म्हा रा	ग ण प ति	इ ना द र	बा ऽ ऽ र
सा प म प	ध॒ प – म	ग॒ रे सा प	म प ध॒ प
ऽ रा म द	र बा ऽ र	हो ऽ ऽ भो	ला द र बा
– – प प	म प ध॒ प	– म ग॒ रे	सा प म प
ऽ ऽ र रा	म द र बा	ऽ र हो ऽ	ऽ भो ळा द
ध॒ प प म	ग॒ रे सा सा	ग॒ रे ग॒ सा	रे रे प॒ – प
र बा ऽ ऽ	ऽ ऽ र आ	वो हो ग जा	न न म्हा रा
प ग॒ रे सा	नि॒ सा – सा	सा सा ग॒ रे	ग॒ सा रे रे
ग्हां रि द्धि सि	द्धि सा ऽ थ	ऽ आ वो हो	ग जा न न
पम॒ प – ग॒	– रे सा॒ – नि॒ –	सा – सा –	सा – – सा
तुम ख ऽ सा	ऽ ज दुई दुई	ना ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ र

अन्तरा

ग॒ ग॒ ग॒ ग॒	ग॒ रे सा रे	रे ग॒ रे सा	– रे म म
ए क ना र	प्र भु पा ऽ	णी स रा व	ऽ दू ऽ जी
ग॒ रे सा –	सा सा ग॒ ग॒	ग॒ ग॒ ग॒ रे	सा रे रे ग॒
नार र न व्हा	ऽ ड़ ए क	ना र प्र भु	स व ळ् यो
रे सा – रे	म म ग॒ रे	रे सा सा सा	प प प प
ला व ऽ दू	ऽ जी ना र	पे रा व ऽ	चं द न ति
म ग॒ म पप	प प प प	प ध॒ ध॒ प	म ग॒ प नि॒
ल क ल गाव	ए क ना री	सें दू र ल	गा व दू ऽ
प ग॒ – –	रे सा नि॒ नि॒	रे रे ग॒ म	ग॒ रे सा सा
जी ना ऽ ऽ	र हो ऽ सें	दू र ल गा	व दू जी ना
सा सा प प	प ध॒ प म	ग॒ रे सा प	म प ध॒ प

ऽ र तिल	क ल गा व	वो ऽ तो दु	र वा च ढ़ा
प – प म	प ध़ प म	ग़ रे सा प	म प ध़ प
व ऽ फू ल	ड़ा च ढ़ा व	वो ऽ तो मा	ऽ ळा पे रा
म ग़ रे सा	सा – सा सा		
व रे ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ		

सरस्वती

विद्या की देवी सरसती माता,
तुम किरपा करजोऽ 2
बुद्धि की दाता सरसती मैया, तुम किरपा करजो 2

(1) धवळा छे वस्त्र तुम्हारा,
धवळा हो हंस तुम्हाराऽ 2
धवळ मति हमखऽ दीजो, ओ सरसती माता
विद्या की देवी सरसती मैया, तुम किरपा करजो.....

(2) ज्ञान-विज्ञान जननी,
कला साहित्य की करणी.....2
संगीत सुर की वो देवी, सुर हमखऽ दीजो.....2
विद्या की देवी सरसती-----

(3) ब्रह्मा-विष्णु जी पूजऽ,
शिव-शंकर जी पूजऽ 2
पूजऽ रे तुम खऽ तीनई लोक वो सरसती माता 2
पूजां हो हम सबई लोग हो बुद्धि दाता, विद्या.....

(4) काम कारज मंऽ रे पयळऽ, गणपति आवऽ,
गणपति आवऽ संग मंऽ रिद्धि-सिद्धि धावऽ 2
संग बिराजो म्हारा हिरदा ओ सरसती माता
ज्ञान की जोत जगावजो ओ सरसती माता।। विद्या.....

(5) बुद्धि सी हीन छे हऊं, सम्पत से दीन छे हऊं 2
आई सभा मंऽ, बड़ी आस मंऽ
तुम लज्जा रखजो.....2
सभा मंऽ मान म्हारो राख जो ओ सरसती माता
विद्या की देवी सरसती माता, तुम किरपा करजो.....

संस्कृति-साहित्य-कला-संगीत की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हैं। सांस्कृतिक धरोहर की वाहक महिलायें होती हैं। रीति-रिवाज, संस्कार गीत आदि की संपत्ति को संभालकर और उसमें अन्य सांस्कृतिक संपत्ति-सामग्री को सम्मिलित कर वे अगली पीढ़ी को हस्तांतरित करती हैं। इसी कारण हमारी संस्कृति, लोक गीत, लोक रीति-रिवाज, बोली-भाषा सुरक्षित हैं और उसमें निरंतर प्रवहमान रहने की सामर्थ्य है। अत: हमारे लोक गीत- लोक कलाओं, भाषा, संस्कृति को सुरक्षित हम तक लाने वाली एवं अनंत गीतों की अनाम रचनाकार, संगीतकार, गीत गायिकाओं के हम आभारी हैं। उनके उपकार अनन्त हैं, हम पर उनके ऋण हैं। उनके प्रति अपार आदर-सम्मान व्यक्त करते हुये उन समस्त महिलाओं के ऋण से उऋण तभी हो सकेंगे, जब हम वर्तमान एवं भावी पीढ़ी तक इस सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित पहुँचायें और अपनी सांस्कृतिक संपत्ति के महत्त्व को समझते हुये उनमें उसके प्रति रूचि व सम्मान जाग्रत रखें। लोक गंगा और संस्कृति-रूप अथाह सागर के अनगिनत अनमोल रत्न-मोती रूपी गीतों में से कुछ मोती मुझे भी प्राप्त हुये हैं। देवी सरस्वती की प्रेरणा से कुछ निमाड़ी गीतों की रचना भी हुई, उनमें से गणपति और सरस्वती के गीत मैं भी इस लोक संपत्ति में सम्मिलित करना चाहती हूँ। अत: संगीत की देवी सरस्वती से संगीत सुर और कलाओं का ज्ञान पाने की याचना करती हुई ये पंक्तियाँ, ये गीत मैं समर्पित कर रही हूँ। देवी सरस्वती स्त्री जाति की श्रेष्ठ प्रतिनिधि हैं, अत: लोक गीतों के इस संग्रह में उनके प्रति सम्मान स्वरूप यह गीत प्रस्तुत है।

राग - बिहाग	ताल-कहरवा
थाट - बिलावल	स्वर- दोनों मध्यम म, मे

विद्या की देवी सरसती मैया ....

स्थाई

× - - -	0 - - -	× - - -	0 - - -
ग ग ग ग	ग रे गम मग	ग - रे -	सा नि़ सा - रे
वि द्या की ऽ	दे वी सर सती	मै ऽ या ऽ	तु म किर पा
सा नि़ सा -	- - - -	ग ग ग ग	ग रे गम मग
क र जो ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	सं ऽ गी त	सु र कीऽ वोऽ
ग - रे -	सा नि़ सा रे	सा नि़ सा रे	सा - - -
दे ऽ वी ऽ	तु म कि र	पा ऽ क र	जो ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

सा सा ग म	प प ग ग -	प - - -	प प प ग

ध व ळा छे	व स्त्र तु म्हा	रा ऽ ऽ ऽ	ध व ळा हो
म म ग ग	ग – रे सा	सा सा ग मे	प प नि ध
हं स तु म्हा	रा ऽ ऽ ऽ	ध व ळा छे	व स्त्र तु म्हा
प – – –	प प प ग	म म ग ग	ग – रे सा
रा ऽ ऽ ऽ	ध व ळा हो	हं स तु म्हा	रा ऽ ऽ ऽ
ग ग ग –	ग रे ग ग	म – – –	ग – रे –
ध व ळ ऽ	म ति ह म	ख ऽ ऽ ऽ	दी ऽ जो ऽ
सा नि़ सारे	सा नि़ सा –		
ओ सर सति	मै ऽ या ऽ		

गोद-भराई

खारक री बाळद बुळाई द्यो सासू जी बाई,
खारिक री मन साध छे हो म्हारा,
भोळा सासू जी सी काम छे..... 2

(1) गोठळा-गोठळा खाई ल्यो सासू जी बाई,
म्हारो मन दरियाव छे हो म्हारा भोळा सासूजी सी काम छे
म्हारा भोळा सासूजी सी काम छे

(2) नारेळ री बाळद (बोगी) बुलई द्यो जेठाणी बाई
नारेळ री मन साध छे हो म्हारा
भोळा भाभी जी सी काम छे,
नट्टी-नट्टी खाई लेओ भाभी जी बाई..... 2
म्हारो मन दरियाव छे, म्हारा भोला भाभी जी सी काम छे

(3) केला री बाळद बुलई द्यो नणद बाई,
केला री मन साध छे, म्हारी भोळई
जीजी बाई सी काम छे
फोतरा-फोतरा खाई लेवा जीजी बाई
म्हारो मन दरियाव छे, म्हारी भोळई जीजी बाई सी काम छे

(4) अमली री बालद बुलई देओ भुआ जी बाई
अमळी री मन साध छे, म्हारी भोळई भुआ जी सी काम छे
बीजा-बीजा खाई ल्यो भुआ जी बाई
म्हारो मन दरियाव छे म्हारी भोळई भुआजी सी काम छे
खारक री बाळद बुलई द्यो.....

सोलह संस्कारों में जन्म से संबंधित पुंसवन संस्कार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। विवाह के पश्चात् बहू के सर्वप्रथम रजस्वला होने पर शुभ मुहुर्त्त में उत्सव पूर्वक बहू-बेटी की गोद भरी जाती है। इसी प्रकार गर्भवती स्त्री की भी सातवें या नौवें मास में स्वस्थ-सुंदर, सद्‌गुणी, चिरायु, यशस्वी संतान होने की कामना एवं आशीर्वाद सहित गोद भरने का कार्यक्रम होता है। मान्यता है कि गर्भवती की जो इच्छा, हो उसे अवश्य पूर्ण करना चाहिये, इसे 'दोहद पूर्त्ति' कहते हैं अर्थात् दो हृदयों की (गर्भवती मां एवं गर्भस्थ शिशु के हृदयों) इच्छा। अत: गर्भिणी को विविध व्यंजन खिलाये जाते हैं, उसे हर प्रकार से प्रसन्न रखा जाता है- ताकि वह स्वस्थ, दीर्घायु, गुणी संतान को जन्म दे सके।

गर्भवती मेवों, आम-इमली की इच्छा व्यक्त कर सास, जेठाणी, ननद व परिवार की अन्य महिलाओं से इन वस्तुओं को पर्याप्त मात्रा में मंगा देने का निवेदन करती है और कहती है कि मैं बहुत उदार और दरियादिल हूँ,अकेले ही थोड़े खाऊँगी, आप लोगों को भी अवश्य उसमें से कुछ भाग खाने के लिये दूंगी। जैसे खारिक मैं खा लूंगी और गुठलियां आप खाना, नारियल का गोटा या खोपरा मैं खाऊंगी तो उसकी नट्टियां आप खाना और केला मैं खा लूंगी और उनके छिलके आप खा लेना। है ना! उदारता।

खुशी, आनंद उत्सव के अवसर पर नृत्य-गान के साथ ही हास-परिहास का भी वातावरण रहता है। गोद भराई के अन्य संस्कार गीतों के साथ ही यह गीत गुदगुदा जाता है।

राग - भीमपलासी　　ताल-दादरा
थाट - काफी　　स्वर- ग , नि कोमल

खारक री बाळद बुलई द्‌यो सासू जी बाई .....

स्थाई

×	0	×	0
प़ नि़ नि़	नि़ सा सा	सा सा सा	सा रे -
खा ऽ र	क री ऽ	बा ऽ ळ	द बु ऽ
नि़ नि़ नि़	सा - रे -	सा नि़ -	प़ प़ -
ल ई ऽ	द्‌यो सा ऽ	सू जी ऽ	बा ई ऽ
रे - रे	- रे -	ग़ - -	रे सा सा
खा ऽ रि	ऽ क ऽ	री ऽ ऽ	म न ऽ
नि़ - नि़	सा - सा	रे ग़ -	रे सा -

सा ऽ ऽ	ध ऽ ऽ	छे हो ऽ	म्हा रा ऽ
नि़ – सा	– सा –	रे – ग़	– रे –
भो ऽ ळा	ऽ सा ऽ	सू ऽ जी	ऽ सी ऽ
सा – सा	सा – –	सा – –	सा – –
का ऽ ऽ	म ऽ ऽ	छे ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0 – – –	× – – –	0 – – –
प़ प़ नि़	नि़ नि़ सा	सा सा सा	सा सा सा
गो ऽ ठ	ऽ ळ ऽ	गो ऽ ठ	ऽ ळ ऽ
नि़ नि़ सा	– रे –	सा – नि़	– प़ प़
खा ई ल्यो	ऽ सा ऽ	सू ऽ जी	ऽ बा ई
रे – रे	– – –	ग़ ग़ ग़	ग़ रे सा
म्हा ऽ रो	ऽ ऽ ऽ	म ऽ न	ऽ द रि
नि़ – –	सा – –	रे – ग़	रे – सा
या ऽ ऽ	व ऽ ऽ	छे ऽ हो	म्हा ऽ रा
नि़ – सा	– सा –	रे – ग़	– रे –
भो – ळा	ऽ सा ऽ	सू ऽ जी	ऽ सी ऽ
सा – –	सा – –	सा – –	सा – –
का ऽ ऽ	म ऽ ऽ	छे ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

जच्चा

न्हाई जो धोई देवकी, ओन दियो पलंग पर पांय भोळई दायण हो,
धन का ससरा जगाड़ो बधावो बाबा नंद को

(1) *जागो न ससरा जी सुलेखणा*
हो गाड़्या ते गड़िन्त्र हेड़ाव
तुमरी वऊव नऽहो राजा जायो नंदलाल
बधावो बाबा नंद को.....

(2) *जागो न जेठ जी सुलेखणा*
हो बारा दिन द्रव्य लुटाव
तुमरी वऊव नऽहो राजा जायो नंदलाल
बधावो बाबा नंद को.....

(3) जागो न देवर जी सुलेखणा
हो बारा दिन बंदुक छोड़ाव
तुमरी भावज हो राजा जायो नंदलाल
बधावो बाबा नंद को....

(4) जागो न नणदई जी सुलेखणा
हो बारा दिन, बजन्त्र वजाव, बारा दिन सांजी वटावऽ
तुमरी साळा हेली नऽ हो राजा जायो नंद लाल
बधावो बाबा नंद को.....

(5) जागो न स्वामी जी सुलेखणा
हो बारा दिन मिठाई वटाव
तुमरी गोरी न हो राजा जायो नंदलाल
बधावो बाबा नंद को.....
न्हाई जो धोई देवकी.....

शिशु जन्म की पूर्व तैयारियाँ चल रही हैं। शिशु आगमन की सभी को उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा है। परिवार के सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ निबाहने के लिये सतर्क हैं। इसी बीच कृष्ण स्वरूप शिशु का जन्म होता है। प्रसूता अपनी सारी प्रसव-पीड़ा बच्चे का मुख देख कर भूल जाती है और प्रसन्नता पूर्वक दाई माँ से अपने ससुर, जेठ, देवर, ननदोई और स्वामी जी को यह शुभ संदेश पहुँचाने का आग्रह करती है। इस आनंद अवसर पर दाई माँ भी बधाई देकर भेंट चाहती है। इस अवसर के लिये संचित धन ससुर जी निकालें, जेठ जी दान करें, देवर जी खुशी में बन्दूक छुड़ा कर भतीजे के आगमन की घोषणा करें, तो ननदोई जी बाजे ढोल-ढमाके की व्यवस्था करें और स्वामी जी बारह दिन तक मिठाई बटवायें। सभी को इस शुभ अवसर पर अनेक बधाईयाँ।

राग - भीमपलासी　　ताल-दीपचंदी
थाट - काफी　　स्वर- ग , नि कोमल

न्हायी जो धोई देवकी, ओनऽ दियो पलंग पर पांय .....

स्थाई

× - - -	2 - - -	× - - -	3 - - -
प़ - -	नि़ - नि़ -	सा - -	ग - म -
न्हा ऽ ऽ	ई ऽ जो ऽ	धो ऽ ऽ	ई ऽ ऽ ऽ

ग़ – –	नि़ – सा –	– – – –	सा – ग़ –
दे ऽ ऽ	वं ऽ की ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ओ ऽ न ऽ
ग़ – म	– म – –	ग़ – रे	सा – नि़ –
दि ऽ यो	ऽ प ऽ ऽ	लं ऽ ग	प ऽ र ऽ
सा – –	सा – – –	सा सा –	ग़ – म –
पां ऽ ऽ	ऽ ऽऽऽ	य ऽ ऽ	भो ऽ ळ ई
प – प	म – प –	ग़ – –	सा – नि़ –
दा ऽ ऽ	य ऽ ण ऽ	हो ऽ ऽ	ध न का ऽ
सा – सा	ग़ – रे म	ग़ रे –	सा – नि़ –
स ऽ स	रा ऽ ज ऽ	गा ऽ ऽ	ड़ो ऽ ब ऽ
सा – सा	रे ग़ रे म	ग़ – –	रे – सा नि़
धा ऽ वो	बा ऽ बा ऽ	नं ऽ ऽ	द ऽ ऽ ऽ
सा – –	– – – –	– – –	– – – –
को ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	2– – –	× – – –	3 – – –
प़ – नि़	नि़ – नि़ –	सा सा सा	ग़ – म –
जा ऽ ऽ	गो ऽ न ऽ	स स रा	जी ऽ सु ऽ
ग़ – –	– – नि़ –	सा – –	सा – ग़ –
ले ऽ ऽ	ऽ ऽ ख़ ऽ	णा ऽ ऽ	हो ऽ ऽ ऽ
ग़ – –	म – प –	ग़ रे –	सा – नि़ –
गा ऽ ऽ	ड़ुया ऽ ते ऽ	ग ड़ि ऽ	न्त्र ऽ हे ऽ
सा – –	सा – – –	– – –	ग़ – म म
ड़ा ऽ ऽ	व ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	तु ऽ म री
प – प	म – प –	ग़ – –	सा – नि़ –
व ऽ ऊ	व ऽ न ऽ	हो ऽ ऽ	रा ऽ जा ऽ
सा – सा	ग़ – रे म	ग़ – रे	सा – नि़
जा ऽ यो	नं ऽ द ऽ	ला ऽ ऽ	ळ ऽ ब ऽ
सा – सा	रे ग़ रे म	ग़ – –	रे – सा नि़
धा ऽ वो	बा ऽ बा ऽ	नं ऽ ऽ	द ऽ ऽऽ
सा – –	– – – –	– – –	– – – –
को ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

जच्चा (जलवाय पूजन)

लेवो-लेवो वसुदेव जी हात मंऽ कूची
खोलो ते वजीर किवाड़
चार प्रहर जुग जागजो हो
राणी देवकी न जायो नंदलाल, झूले पालणो नंदलाल

(1) झगो सिवाडूं बाला मखमल को रे
टोपी मंऽ फूंदा लगाऊं..... 2
पांय मंऽ नेहूर वाजण्या हो
बाळो चल ते ठुम्मुक चाल, झूले पालणो नंदलाल

(2) सोन्ना-रूपा का घड़ा-घड़ीला रे,
(देवकी जी) यशोदा जी पाणी खऽ जाय
जल्दी चलो न म्हारी संग की सहेली
म्हारो बाळो ते इलख्यो (बिलख्यो) जाय
झूले पालणो नंदलाल

(3) सोन्ना रूपा का चेंडू-पाटली
कृष्ण जी खेलण जाय
दूर खेलण मति जाओ रे बालाजी
मथुरा मंऽ मामा - ममसाळ झूले पालणो नंदलाल

बच्चे के जन्म होने पर सर्वत्र परिवार में आनंद छा जाता है। जन्मोत्सव में परिवार जन, कुटुम्ब एवं रिश्तेदार आते हैं और जन्म के दस दिन बाद जलवाय पूजन (जल, वायु, सूरज पूजा) का मुहूर्त्त निकलवाया जाता है। पूजन पश्चात् बच्चे को पालने में झुलाया जाता है एवं नामकरण संस्कार संपन्न होता है। इस अवसर पर गीत गाये जाते हैं।

राग - काफी — ताल-दीपचंदी
थाट - काफी — स्वर- ग कोमल तथा दोनों निषाद नि नि

लेवो-लेवो वसुदेव जी हात मंऽ कूची.....

स्थाई

× - - -	2- - -	× - - -	3 - - -
रे ग -	रे - सा -	रे - सा	सा - सा सा
ले वो ऽ	ले ऽ वो ऽ	व ऽ सु	दे ऽ व जी

रे – म	म – रे –	प – प	म – प –
हा ऽ ऽ	त ऽ मं ऽ	कू ऽ ऽ	ची ऽ ऽ ऽ
ग – रे	रे – म –	प – म	रे – नि़ –
खो ऽ ऽ	लो ऽ ते ऽ	व ऽ जी	र ऽ कि ऽ
सा – –	सा – – –	रे – म	म – म –
वा ऽ ऽ	ड़ ऽ ऽ ऽ	चा ऽ ऽ	र ऽ प्र ऽ
प – ध	नि – ध –	प – म	म – प –
ह ऽ र	जु ऽ ग ऽ	जा ऽ ऽ	ग ऽ ऽ ऽ
ध – –	नि – ध –	प – ध	प – म –
जो ऽ ऽ	रा ऽ णी ऽ	दे ऽ व	की ऽ न ऽ
रे – प	म – रे –	सा – –	– सा –
जा ऽ यो	नं ऽ द ऽ	ला ऽ ऽ	ऽ ल ऽ
रे – म	प – म –	म – रे	– म – –
झू ऽ ऽ	ले ऽ ऽ ऽ	पा ऽ ऽ	ऽ ल ऽ ऽ
प – म	रे – नि़ –	सा – –	सा – – –
णो ऽ ऽ	नं ऽ द ऽ	ला ऽ ऽ	ऽ ल ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	2– – –	× – – –	3 – – –
रे – ग	रे – सा –	रे – सा	सा – सा –
झ ऽ ऽ	गो ऽ सि ऽ	ला ऽ ऊं	बा ऽ ळा ऽ
रे – म	म – रे –	प – प	प म प –
म ऽ ख	म ऽ ळ ऽ	को ऽ ऽ	रे ऽ ऽ ऽ
म – रे	रे – ग –	प – म	रे – नि़ –
टो ऽ ऽ	पी ऽ मं ऽ	फुं ऽ ऽ	दा ऽ ल ऽ
सा – सा	– – – –	रे – –	म – म –
गा ऽ ऊं	ऽ ऽ ऽ ऽ	पां ऽ ऽ	य ऽ मं ऽ
प – ध	नि – ध –	प – –	– म – –
ने ऽ ऽ	हू ऽ र ऽ	वा ऽ ऽ	ऽ ज ऽ ऽ
प ध –	नि – ध –	प प –	प – म –
व्या हो ऽ	बा ऽ ळो ऽ	च ऽ ऽ	ल ऽ ते ऽ

रे – प	म – रे –	रे – सा	– रे – –
ठु ऽ ऽ	मु ऽ क ऽ	चा ऽ ऽ	ऽ ल ऽ ऽ
रे – म	प –म –	म – रे	– म – –
झू ऽ ऽ	ले ऽ ऽ ऽ	पा ऽऽ	ऽ ल ऽऽ
प – म	रे – नि़ –	सा – –	सा – – –
णो ऽ ऽ	नं ऽ द ऽ	ला ऽ ऽ	ऽ ल ऽ ऽ

जच्चा

जल्म्या देखो राम बड़ा आणंद मंऽ
भया रे नंदलाल बड़ा आणंद मंऽ

(1) राजा दशरथ न रे घोड़ा लुटाया.... 2
बच्यो रे घोड़ो एक सूरज का रथ मंऽ.... 2

(2) राजा दशरथ न रे हाती लुटाया.... 2
बच्यो रे हाती एक वो कदली बन मंऽ.... 2

(3) राजा दशरथ न हो गऊआ लुटायी.... 2
बची रे गऊआ एक वो नंदन बन मंऽ.... 2

(4) राजा दशरथ न हो हीरा लुटाया.... 2
बच्यो रे हीरो एक कौशल्या का हार मंऽ.... 2

(5) राजा दशरथ न रे मोती लुटाया.... 2
बच्यो रे मोती एक कौशल्या की नथ मंऽ.... 2

(6) राजा दशरथ न रे साड़ी लुटाई.... 2
बची रे साड़ी एक कौशल्या का तन पऽ.... 2
जल्म्या देखो राम बड़ा आणंद मंऽ.....

शिशु जन्म के अवसर पर गाये जाने वाले गीत जच्चा गीत कहलाते हैं। हमारी संस्कृति में जन्म लेने वाले शिशु का राम या कृष्ण के रूप में मान देकर स्वागत किया जाता है। नवजात शिशु का वर्णन राम या कृष्ण के रूप में किया जाता है और माता–पिता राजा दशरथ और कौशल्या माँ अथवा बाबा नंद या मैया यशोदा के रूप में इन गीतों में वर्णित हैं। पिता पुत्र–जन्म की खुशी में (संतान सुख प्राप्ति में) सबको अपने आनंद में सम्मिलित करता है तथा अपने मूल्यवान सुख साधन, ऐश्वर्य आभूषण–वस्त्रादि प्रसन्नता पूर्वक सबको भेंट में देता है, जैसे राजा दशरथ ने पुत्रों के जन्म होने पर अपना सर्वस्व–खजाना लुटाया था। राजा दशरथ ने राम जन्म होने पर हाथी–घोड़े, गाय, हीरे–मोती, रत्न, वस्त्र इतने लुटाये कि हर चीज एक ही शेष रही। यहाँ तक

कि रानी कौशल्या के शरीर पर मात्र एक साड़ी ही शेष रही। नाक की नथ में मात्र एक मोती बचा और हार में भी केवल एक हीरा बचा। सुख–आनंद और त्याग की है ना पराकाष्ठा।

राग – पीलू ताल–चलत दादरा
थाट – काफी स्वर– दोनों ग, दोनों नि

जल्म्या देखो राम बड़ा आणंद मंऽ.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – रे	ग – ग	रे – सा	रे – म
ज ऽ ल	म्या ऽ रे	दे ऽ खो	रा ऽ ऽ
ग – रे	सा – –	नि – –	सा सा सा
म ऽ ब	ड़ा ऽ ऽ	आ ऽ ऽ	णं द मं
– सा रे	ग – ग	रे – सा	रे – म
ऽ भ ऽ	या ऽ रे	नं ऽ द	ला ऽ ऽ
ग – रे	सा – –	नि – –	सा – सा
ल ऽ ब	ड़ा ऽ ऽ	आ ऽ ऽ	णं द मं

अन्तरा

× – – –	2– – –	× – – –	3 – – –
सा – सा	ग म –	प – प	प – प
रा ऽ जा	द श ऽ	र ऽ थ	न ऽ रे
ग म ध	– प –	ग – रे	सा सा रे
घो ऽ ड़ा	ऽ लु ऽ	टा ऽ ऽ	या ब ऽ
ग – ग	रे – सा	रे – म	ग – रे
च्यो ऽ रे	घो ऽ ड़ो	ए ऽ ऽ	क ऽ सू
सा सा नि	सा – सा	सा – –	सा – –
र ज का	र ऽ थ	मं ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

लोरी

हात रे नाना हाती का,
गुड़ फुटाणा काकी काऽ

संजा-फूली बुआ बाई की,
सवां रे की रोटी मावसी बाई की ऽऽऽ
हात रे भाई हात
नाना म्हारा का ठुमक्या पांय,
ठुमुक ठुमुक नानो बाड़ी मंऽ जाय
वाड़ी मंऽ का बनफल तोड़ी-तोड़ी खाय
एतरा मंऽ आई गई मालेणमांय
मालेण मांय न लई लिया झगा न झूल
रड़-कुढ़ रे म्हारो नानो सो बुल ऽऽऽ
रस्ता मंऽ मिली गई भूआ मांय
केयूं (क्यूं) रड़ऽ रे म्हारा नाना बुळ
नाना भाई न तोड़ी लिया कमळ का फूळ
मालेण मांय न छोड़ई लिया झगा न झूल
ला वो मालेण मांय थारा कमळ का फूळ
दऽ म्हारा नाना का झगा नऽ झूल ऽऽऽ
हात रे भई हात.....

जैसा कि सभी जानते हैं कि गद्य की अपेक्षा पद्य अधिक सरस, सरल, बोधगम्य और मधुर होता है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है-लोरी, जिसे सुनकर रोता हुआ अबोध शिशु भी रोना बंद कर चुपचाप उस ध्वनि और स्वर लहरी की लय में खो जाता है और कब चुपके से निंदिया रानी आकर उसे सुला जाती हैं, पता ही नहीं चलता।

विभिन्न संस्कारों और विविध प्रसंगों के गीतों में लोरी गीतों का अपना एक विशिष्ट स्थान और महत्त्व है। कवि श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर के शब्दों में-'लोरियों में आदिम सुकुमारिता है।' वास्तव में इन गीतों की मधुरता को ही 'वात्सल्य रस' कहते हैं।

बच्चों के गीत बच्चों की ही तरह शरारती, चंचल और अर्थहीन तथा तुकबंदी युक्त होते हैं। माँ जब अनिवार्य गृहकार्यों में व्यस्त रहती है- तब दादी, ताई, बुआ, दीदी या घर की अन्य कोई महिला बच्चे को झोली में झुलाते हुये या झूले पर बैठ गोद में शिशु को लोरी गीत गाकर उन्हें बहलाकर चुप कर लेती हैं। माँ फुरसत पाकर बच्चे को गोद में लेती है, तो शीघ्र ही शिशु दुग्धपान कर सो जाता है। हाथ की झोली बनाकर झुलाते हुये भी गाकर बच्चों को सुला दिया जाता है। इस प्रकार झूलते हुये और लोरी गीतों की अंगुली पकड़ उनकी लय के साथ मधुर कल्पना लोक में विचरण करते हुये शिशु कब बड़ा हो गया, बालक बन गया- पता ही नहीं

चलता। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में इन लोरी गीतों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है।

राग – बिलावल　　ताल–कहरवा
थाट – बिलावल　　स्वर– सब शुद्ध

हात रे नाना हाती का, गुड़ फुटाणा काकी का.....

ध़ – सा –	सा – – –	रे – सा –	ध़ – प़ –
हा ऽ त ऽ	रे ऽ ऽ ऽ	ना ऽ ऽ ऽ	ना ऽ ऽ ऽ
ध़ – सा सा	सा सा ग ग	ग – ग –	ग – – –
हा ऽ ऽ ऽ	ती ऽ ऽ ऽ	का ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
ग – म म	ग – रे –	सा – – –	रे – – –
गु ऽ ऽ ऽ	ड़ ऽ फु ऽ	टा ऽ ऽ ऽ	णा ऽ ऽ ऽ
ग – म –	ग – रे –	रे – – –	रे – – –
का ऽ ऽ ऽ	की ऽ ऽ ऽ	का ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
ध़ – – –	सा – – –	रे – सा –	ध़ – – –
सं ऽ ऽ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	फू ऽ ऽ ऽ	ली ऽ ऽ ऽ
ध़ – सा –	सा – ग –	ग – – –	ग – – –
बु ऽ आ ऽ	बा ऽ ई ऽ	की ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
ग – म –	ग रे – –	सा – – –	रे – – –
स ऽ वां ऽ	ऽ की ऽ ऽ	रो ऽ ऽ ऽ	टी ऽ ऽ ऽ
ग – म –	ग – रे –	रे – – –	– – – –
मा ऽ व सीऽ	बा ऽ ई ऽ	की ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

लोरी

नाना म्हारा का ठुमक्या पांय,
ठुमुक–ठुमुक नानो वाड़ी मंऽ जाय,
वाड़ी मंऽ का वनफळ तोड़ी–तोड़ी खाय,
एतरा मंऽ आई गई माळेण मांय,
माळेण मांय नंऽ लई लिया झगा न झूल
रड़–कुढ़ रे म्हारो नानो सो बुळ ऽ ऽ
रस्त मंऽ मिली गई भुआ मांय,

केऊं रड़ रेऽ म्हारा नाना बुळ (फूल) (भाई)
नाना भाई नंऽ तोड़ी लिया कमळ फूळ,
माळेण मांय नंऽ छोड़ई लिया झगा न झूल,
ल वो माळण मांय, थारा कमळ का फूल,
दऽ म्हारा नाना का झगा न झूल।।
हात रे भाई हात, हात रे कुतरा हाऽऽत,
हात वो मांजरी हा ऽऽऽ त-----

यह बच्चों का लोरी गीत है। बच्चों के गीत छोटे-छोटे और तुकबन्दी युक्त होते हैं। बच्चों को समझाने बहलाने के लिये इन गीतों में खिलौनों के बजाय घर में दिखाई देने वाले पशु-पक्षी-चिड़िया, मिठू, बिल्ली, कुत्ते आदि का नाम- वर्णन होता है। इनकी सुकुमारिता और मधुरता को गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने 'बाल्यरस' कहा है। चंचल सुंदर पक्षियों और बच्चों में स्वभाव, गुणों का साम्य प्रतीत होता है।

छोटे, नन्हें-नन्हें पांवों वाला मेरा बच्चा बाड़ी में गया। वहाँ वह वन के फल तोड़ कर खाने-खेलने लगा। इतने में रखवाली करने वाली मालन माँ आ गई और उसने बच्चे के टोपी-झबला ले लिये। मेरा नन्हा रोने लगा। रास्ते में बुआ माँ मिल गई। उन्होंने बच्चे से रोने का कारण पूछा। मालन को उन्होंने कहा- मेरे बच्चे ने कमल का फूल क्या लिया, तुमने उसके झगा-टोपी छीन लिये। लो मालन अपने कमल के फूल और मेरे बच्चे के झगा-झूल लौटा दे। लोरी के इस गीत से दुनियादारी की शिक्षा पालने में मिली।

बच्चे का रोना हँसना-डरना, रूठना क्षण भर में गायब हो जाता है। झट झगा झूल पाकर बच्चा खुश होकर हँसने लगा। बच्चों की हँसी सुंदर सुहावनी, निश्छल और पवित्र होती है।

राग - बिलावल　　ताल-कहरवा
थाट - बिलावल　　स्वर- सब शुद्ध

नाना म्हारा का ठुमक्या पांय, ठुमुक-ठुमुक.....

ध़ - - -	सा - - -	रे - - सा	ध़ - प़ -
ना ऽ ऽ ऽ	ना ऽ म्हा ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	का ऽ ऽ ऽ
ध़ - सा -	सा - ग -	ग - - -	ग - - -
ठु ऽ म ऽ	क्या ऽ ऽ ऽ	पां ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽऽ
ग - म -	ग - रे -	सा - सा -	रे - रे -
ठु ऽ मु ऽ	क ऽ ठु ऽ	मु ऽ क ऽ	ना ऽ नो ऽ

ग– म –	ग – रे –	रे – – –	रे – – –
बा ऽ ऽ ऽ	ड़ी ऽ मं ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
ध़ सा –	सा – सा –	रे – सा –	ध़ – प –
वा ऽ ड़ी ऽ	मं ऽ क ऽ	ब ऽ न ऽ	फ ऽ ळ ऽ
ध़ – सा –	सा – ग –	ग – – –	ग – – –
तो ऽ ड़ी ऽ	तो ऽ ड़ी ऽ	खा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
ग – म –	ग – रे –	सा – सा –	रे – रे –
ए ऽ त ऽ	रा ऽ मं ऽ	आ ऽ ई ऽ	ग ऽ ई ऽ
ग – म –	ग – रे –	रे – – –	– – – –
मा ऽ ऽ ऽ	ले ऽ ण ऽ	मां ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
ध़ – सा सा	सा – सा सा	रे – सा –	ध़ – प़ –
मा ऽ ले ण	मां ऽ य न	ल ऽ ई ऽ	लि ऽ या ऽ
ध़ – सा –	सा ग – –	ग– ग –	ग – – –
झ ऽ गा ऽ	ऽ न ऽ ऽ	झू ऽ ऽ ऽ	ल ऽ ऽ ऽ
ग – म –	ग रे – सा	– – – –	रे – रे –
र ऽ ड़ ऽ	ऽ कु ऽ ढ़	रे ऽ ऽ ऽ	म्हा ऽ रो ऽ
ग – म –	ग – रे –	रे – – –	– – – –
ना ऽ ऽ ऽ	नो ऽ सो ऽ	बु ऽ ऽ ऽ	ळ ऽ ऽ ऽ

बाल

नानी –सी गाय गटर गैंगणी, सौ पूला वो खाय।

ये छोटी–सी गैया बड़ी सुहावनी है। है तो छोटी सी, परन्तु खाती है घास के सौ पूले। अत: वह छोटी दिखने पर भी है शक्तिशाली, तभी तो वह शेर के सामने जाने से नहीं डरती है और उससे मुकाबला करती है। 'अच्छा माँ चलो अब चंदी दे दो।' तुकबंदी वाले छोटे–छोटे इन गीतों में लय है, रस है। चंदी मांगने जाने से मोहल्ले– गाँव वालों से परिचय होता है, स्वभाव मालूम होता है।

राग – बिलावल	ताल–कहरवा
थाट – बिलावल	स्वर– शुद्ध

नानी सी गाय गटर गैंगणी सौ पूला वो खाय.....

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा ग रे सा	सा ध़ सा रे	रे ग – –	रे ग रे सा
ना नी सी गा	ऽ य ग ट	र गैं ग णी	सौ ऽ पू ला
सा सा सा सा	रे रे रे रे	सा रे ग –	ग ग ग ग
वो खा ऽ य	मा ता ज म	ना को पा णी	पे ना हर
रे ग रे सा	सा – – सा		
सा ऽ म ऽ	जा ऽ ऽ य		

नानी सी मांजरी माळव ऽ गई .....
माळव सी लाई माटी, माटी का बनाया हत्ती
हत्ती चळऽ आणा–बाणा, लावो मांय टुलेक दाणा

छोटी–सी बिल्ली मालवा गई। मालवा से वह मिट्टी लाई। मिट्टी के उसने हाथी बनाये। हाथी आड़े–टेड़े ही चलते हैं, पर माँ तू तो हमें सीधे–सीधे एकाध टूली (आधा किलो माप) अनाज दे–दे। हमें और भी जगह जाना है।

शरारती स्वर है। मांगना भी है, लेना भी है, एहसान भी जतलाना है। खेल–खेल में शिक्षा भी मिलती है।

राग – बिलावल
थाट – बिलावल
ताल–कहरवा
स्वर– शुद्ध स्वर

नानी सी मांजरी मालव ऽ .....

सा ग रे सा	सा सा सा –	सा – रे ऽ	ग – – –
ना नी सी मां	ऽ ज ऽ री	मा ल व ऽ	ग ऽ ई ऽ
रे ग रे सा	सा सा सा –	सा ग रे सा	सा सा सा –
मा ळ व ऽ	ग ऽ ई ऽ	मा ळ व सी	ला ऽ ई ऽ
सा रे ग –	रे – सा –	सा ग रे सा	सा सा सा –
मा ऽ टी ऽ	मा ऽ टी ऽ	मा टी का ब	णा ऽ या ऽ
सा रे ग –	रे – सा –	सा ग रे सा	सा सा सा –
ह ऽ त्ती ऽ	हऽ त्ती ऽ	ह ऽ त्ती ऽ	च ऽ ल ऽ
सा रे ग ग	सा रे ग –	रे ग रे सा	सा – सा सा
आ णा बा णा	ला वो मा य	टु ले ऽ क	दा ऽ णा ऽ

नद्दी – नद्दी दिया बळऽ काई जनावर जाय।
हरणी को नानो पिलको, ढोर चरावण जाय ।।
ला वो माँय बकेड़ी।

दशहरे से पूर्णिमा तक शरद की चाँदनी रात में बच्चे टोल (समूह) बनाकर उछल – कूद करते, घर–घर जाकर तुकबंदियों में गीत गाते हुये चंदा मांगते हैं। फिर उससे वे गोट (पिकनिक) करते हैं। बच्चों में सामूहिकता से सहकार और संगठित होकर कार्य करने के संस्कार पड़ते हैं। मांगना है तो नम्रता और कोमलता से और सबके लिये मिलकर काम करने की शिक्षा मिलती है। नेतृत्व के गुणों का विकास होता है, आत्म–विश्वास बढ़ता है, मोहल्ले और गाँव के लोगों से परिचय होता है तथा अपनापन बढ़ता है। तुकबंदी करना, गीत गाना और अपनी अभिव्यक्ति शक्ति बढ़ाने का तरीका है।

नदी किनारे यह कौन–सा जानवर जा रहा है? ये किसकी आँखें दीपक की तरह चमक रही हैं। अरे! यह तो हिरण का छोटा–सा बच्चा है, जो ढोर चराने जा रहा है। अच्छा माँ लाओ चन्दी (चंदा–दान–भिक्षा) दे दो।

राग – बिलावल　　ताल–कहरवा
थाट – बिलावल　　स्वर– शुद्ध

नद्दी –नद्दी दिया बल रे ऽ .....

सा रे सा सा	सा रे ग –	ग ग रे ग	ग रे रे प
न द्दी न द्दी	दि या ब ळ	रे का ई ज	ना ऽ व र
सा सा सा सा	म म म म	म म म म	म म प –
जा ऽ ऽ य	ह र णी को	ना ऽ नो ऽ	पि ल को ऽ
ग ग रे ग	रे सा सा सा		
ढो र च रा	व ण जा य		

लाओ मांय बकेड़ी (दान – चंदा)

अम्बो वायो न गढ़ झूमको,
कूण भाई बेड़वा जाय जी
असा छोटा (नाना) जी भाई पातळा,

अंबो बेड़ी घर लाया जी ऽ
घोड़िला लिया न सवा-साठ का
गया-गया मोठी बईण का गाँव जी।
घोड़िला पोयच्या न गांव घोयर ऽ
व्हां का लोग भाग्या जाय जी।
मत भागो मत भागो लोग न होणी,
हऊं छे मोठी बईण को वीरो जी ।
निकळ्यो मोठी बईण भायरऽ,
घोड़िला लेव पयचाण जी।
ये घोड़िला तो म्हारा बाप का,
बठण वाळ्यो माड़ी जायो जी ऽऽ
अम्बो वायो .....

आयु के बढ़ने के साथ-साथ बच्चों के गीतों का स्वरूप बदलता जाता है। गीतों में अपेक्षाकृत गंभीरता आने लगती है, जिम्मेदारी का अनुभव और गौरव की झलक भी मिलने लगती है। इस गीत में एक भाई द्वारा ससुराल वासी अपनी बहिन को लेने जाने का बड़ा ही सरस, आत्मीयता और स्नेह भरा चित्रण है।

छोटे-से झूमरदार वृक्ष में आम लग गये हैं। उसे तोड़ने कौन - सा भाई जायेगा। छोटे भाई आम तोड़ने जायेंगे और उस भेंट को लेकर वे बहन को लेने उसके गाँव जायेंगे। छोटे भाई ने झट सवा साठ के घोड़े लिये और ठाठ से और बहिन के गाँव के गोहे पर (गाँव सीमा) पहुँचे। नवागत छोटे से भैया को देख लोग इधर-उधर पूछने लगे- ये कौन अपने गाँव में आ गया? भैया ने उत्तर दिया- अरे! आप लोग मत भागिये, मैं तो बड़ी जीजी का छोटा भाई हूँ। भला अपरिचित पर कोई विश्वास करता है क्या? तो ठीक है- बड़ी बहिन घर से बाहर निकलो और इस घोड़े और घुड़सवार को पहचानो। झट दीदी ने कहा- ये घोड़ा तो मेरे पिताजी का है और इस पर बैठने वाला मेरा माड़ी-जाया वीरा (सहोदर भाई) है और सर्वत्र आनंद-रस की वर्षा होने लगी।

राग - मधुमात सारंग	ताल- दादरा
थाट - काफी	स्वर- निषाद (<u>नि</u>) कोमल

अम्बो वायो न गढ़ झुमको कूण भाई बेड़वा जाय जी .....

स्थाई

× - - -	0- - -	× - - -	0 - - -
रे रे रे	रे सा सा	<u>नि</u> <u>नि</u> सा	रे रे सा

अ ऽ म्बो	ऽ वा ऽ	यो ऽ न	ग ऽ ढ़
सा सा सा	नि़ प़ प़	प़ प़ नि़	नि़ सा सा
झु ऽ म	को ऽ ऽ	कू ऽ ण	भा ई ऽ
सा सा सा	सा नि़ नि़	नि़ नि़ सा	रे – –
बे ऽ ड़	वा ऽ ऽ	जा ऽ य	जी ऽ ऽ
रे रे –	सा सा –	नि़ – सा	रे सा सा
अ सा ऽ	मो ऽ ऽ	ठा ऽ जी	भा ई ऽ
सा सा सा	नि़ प़ प़	प़ प़ नि़	नि़ सा सा
पा ऽ त	ला ऽ ऽ	अ ऽ म्	बो ऽ ऽ
सा सा सा	सा नि़ नि़	नि़ नि़ सा	रे रे रे
बे ऽ ड़ी	घ र ऽ	ला ऽ व	जी ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
रे रे रे	रे रे सा	नि़ नि़ सा	रे सा सा
घो ऽ ड़ी	ला ऽ लि	या ऽ न	स वा ऽ
सा सा सा	नि़ प़ प़	प़ नि़ नि़	नि़ सा सा
सा ऽ ठ	का ऽ ऽ	ग या ऽ	ग या ऽ
सा – सा	सा सा रे	नि़ नि़ सा	रे – –
मो ठी ब	ई ण का	गां ऽ व	जी ऽ ऽ
रे रे –	रे सा सा	नि़ नि़ सा	रे रे सा
घो ड़ि ऽ	ला पो य	च्या ऽ न	गाँ व का
सा नि़ नि़	प़ प़ –	प़ नि़ नि़	नि़ सा सा
घो ऽ ऽ	य र ऽ	व्हां का लो	ऽ ग ऽ
सा सा सा	सा सा सा	नि़ नि़ सा	रे – –
भा ऽ ऽ	ग्या ऽ ऽ	जा ऽ य	जी ऽ ऽ

संजा

बाई संजा तू एक दूर बसी
तुख लेण खऽ जायगा कूण
जाय – जाय रे सूरज वीरो
ओकी मोटर रे झटपट जाय

हऊं तो रूकूं रूकूं रे, सरवरिया री पाल
नीच्च ऽ मंयती को झाड़,
हऊं तो रचूं रचूं रे
दुई दुई हात, हऊं तो रचूं रचूं रे, दुई – दुई हात .....

संजा बहन तू अकेली दूर देश में बसी है, तुझे लेने कौन जायेगा। अरे हाँ! सूरज वीरा (भाई) लेने जायेगा, वह जायेगा तभी संजा आयेगी। सूरज वीरा की मोटर अब छटपट जाती है। मैं तो यहाँ सरोवर किनारे पाल पर रुकूंगी और नीचे जो मेहंदी का झाड़ है, उससे मेहंदी तोड़कर अपने दोनों हाथ रचूंगी। संध्या की लालिमा सर्वत्र सुहावनी प्रतीत हो रही है।

राग – भूपाली ताल– दादरा
थाट – कल्याण स्वर– सभी शुद्ध

बाई संजा तू एक दूर बसी .....

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा सा	ध़ – सा	रे – –	ग – –
बा ऽ ई	सं ऽ जा	तू ऽ ऽ	ए ऽ ऽ
रे – –	ग – –	रे – सा	सा – –
क ऽ ऽ	दू ऽ ऽ	र ऽ ब	सी ऽ ऽ
सा सा –	रे – –	ग – –	ग – –
तु ख ऽ	ले ऽ ऽ	ण ऽ ऽ	ख ऽ ऽ
रे – –	ग – –	रे – –	सा – –
ऽ ऽ ऽ	जा ऽ य	गा ऽ ऽ	कू ऽ ण
सा – –	रे – –	ग – –	ग – –
जा ऽ य	जा ऽ य	रे ऽ ऽ	सू ऽ ऽ
रे सा –	रे – –	सा – –	– – –
र ज ऽ	वी ऽ ऽ	रो ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
सा – –	सा – –	रे ग –	ग – –
ओ की ऽ	मो ऽ ऽ	ट र ऽ	रे ऽ ऽ
रे – –	ग – –	रे – –	सा – –
ऽ ऽ ऽ	झ ऽ ट	प ऽ ट	जा ऽ य
प प प	प प प	प प प	सा – –

ह ऊं तो	रू ऽ कूं	रू ऽ कूं	रे ऽ ऽ
सा – –	प प प	प प प	प प प
ऽ ऽ ऽ	स र वरि	या री ऽ	पा ऽ ळ
म म म	प ध –	प – म	ग रे सा
नी ऽ च्च	मं य ऽ	दी ऽ को	झा ऽ ड़
रे – –	सा रे –	रे ग –	ग – –
हऊं तो ऽ	र चूं ऽ	र चूं ऽ	रे ऽ ऽ
रे – –	ग – –	रे – –	सा – –
ऽ ऽ ऽ	दु ई ऽ	दु ई ऽ	हा ऽ थ

चल वो संजा अपुण खेलण चलां ...2
कसी चलूं बाई मनऽ लीपणोऽ घोळ्यो ... 2
लीप थारी काकी भाभी, काम करऽ भौजाई
घाम चढ़ऽ तो माथो दुखऽ, घीं का घेवर खाई
मामा देगा लाल दुशाला, मामी–देगी साड़ी .....

साथ खेलने वाली सहेलियों के नाम लेकर गीत गाती जाती हैं बालिकायें।

चल संजा अपन खेलने चलें। परन्तु मैं कैसे अभी चल सकती हूँ? मैं तो घर के काम कर रही हूँ। ये देखो, मैंने घर– आँगन लीपने के लिये गोबर घोल रखा है। तो सहेली ने उपाय सुझाया कि लीपने का कार्य तो तुम्हारी काकी या भौजाई कर लेंगी। काम के समय उनका सिर दर्द करने लगता है। दिन निकला नहीं कि उनके सिर में दर्द होने लगता है और खाते समय उन्हें परेशानी नहीं होती। घी में बने घेवर वे खाती हैं। अतः अब लीपने का काम वे करेंगी, चलो अपन तो खेलने चलें।

राग – शिवरंजनी	ताल– कहरवा
थाट – काफी	स्वर– दोनों गंधार

चल वो संजा अपुण खेलण चलां .....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा सा सा	ग ग रे रे	सा सा सा सा	ग ग रे रे
च ऽ ल ऽ	वो ऽ ऽ ऽ	सं ऽ जा ऽ	अ ऽ पु ण

ध़ ध़ ध़ ध़	रे रे रे रे	सा सा सा सा	सा सा सा सा
खे ऽ ऽ ऽ	ल ऽ ण ऽ	च ऽ ऽ ऽ	ला ऽ ऽ ऽ
सा सा सा सा	ग़ ग़ रे रे	सा सा सा सा	ग़ ग़ रे रे
क ऽ सी ऽ	च ऽ लूं ऽ	बा ऽ ई ऽ	म ऽ न ऽ
ध़ ध़ ध़ ध़	रे रे रे रे	सा सा सा सा	सा सा सा सा
ली ऽ प ऽ	णो ऽ ऽ ऽ	घो ऽ ऽ ऽ	लयो ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा सा सा	ग़ ग़ रे रे	सा सा सा सा	ग़ ग़ रे रे
ली ऽ प ऽ	था ऽ री ऽ	का ऽ की ऽ	भा ऽ भी ऽ
ध़ ध़ ध़ रे	रे रे रे सा	सा सा सा सा	सा सा सा सा
का ऽ म क	र ऽ भौ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	ई ऽ ऽ ऽ
सा सा ग़ ग़	ग़ ग़ रे रे	सा सा सा सा	ग़ ग़ रे रे
घा म च ढ़	तो ऽ ऽ ऽ	मा ऽ थों ऽ	दुः ऽ ख ऽ
ध़ ध़ ध़ ध़	रे रे रे रे	सा सा सा सा	सा सा सा सा
घी ऽ का ऽ	घे ऽ व र	खा ऽ ऽ ऽ	ई ऽ ऽ ऽ
सा सा सा सा	ग़ ग़ रे रे	सा सा सा ग़	ग़ ग़ रे रे
मा ऽ मा ऽ	दे ऽ गो ऽ	शा ऽ ल दु	शा ऽ ला ऽ
ध़ ध़ ध़ ध़	रे रे रे रे	सा सा सा सा	सा सा सा सा
मा ऽ मी ऽ	दे ऽ गी ऽ	सा ऽ ऽ ऽ	ड़ी ऽ ऽ ऽ

खेल

छोटी–सी गाड़ी लुढ़कती जाय, लुढ़कती जाय,
जेम बठी संजा बाई, संजा बाई ,
घाघरो घमकावती जाय, चूनड़ी चमकावती जाय,
चूड़िलो खनकावती जाय, बिछिया बजावती जाय
बाई जी की नथनी झोला खाय, झोला खाय
छोटी–सी गाड़ी लुढ़कती जाय, लुढ़कती जाय.....

आगे क्रम से सब लड़कियों के नाम लेकर गीत गाती जाती हैं बालिकायें।

श्राद्ध- पक्ष में पन्द्रह दिन बालिकायें संध्या बेला में प्रतिदिन संजा-फूली खेलती हैं। परस्पर सहयोग से हर सहेली के घर संजा बनाई जाती है और फिर समूह रूप में हर बालिका के घर संजा-पूजा गीतों के साथ होती है।

इस गीत में सज-धज कर, गाड़ी में बैठकर संजा खेलने जाने का वर्णन है। वेशभूषा में घाघरा-ओढ़नी और गहनों की विशेषताओं-पहचान और उनकी विशेष आवाज,ध्वनि, खनक का उल्लेख है, जो छोटी बालिकाओं के सामान्य ज्ञान को बढ़ाता है। जैसे- घाघरे के घेर की घमक, ओढ़नी की चमक, चूड़ियों की खनक और बिछियों-पायल की रुनझुन मधुर ध्वनि होती है।

हर गीत में पहले आराध्या संजा का नाम लिया जाता है और फिर जिसके घर पूजा की जा रही है, उसका नाम और आगे क्रम से सभी सहेलियों के नाम लेते जाते हैं। संजा खेल पर्व के इन गीतों से खेल-खेल में जीवन की शिक्षा और संस्कार बालिकाओं को मिलते हैं।

राग - मिश्र शिवरंजनी　　ताल- कहरवा
थाट - काफी　　स्वर- दोनों गंधार

छोटी -सी गाड़ी लुड़कती .....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – रे –	– रे – –	सा – – –	ध़ – – –
छो ऽ टी ऽ	ऽ सी ऽ ऽ	गा ऽ ऽ ऽ	ड़ी ऽ ऽ ऽ
सा – रे –	रे – रे –	ग – ग –	ग – ग –
लु ऽ ड़ ऽ	क ऽ ती ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
रे – ग –	ग – रे –	सा – – –	सा – – –
लु ऽ ड़ ऽ	क ऽ ती ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
सा – सा –	रे – रे –	सा – सा –	ध़ – ध़ –
जे ऽ ऽ ऽ	म ऽ ऽ ऽ	ब ऽ ऽ ऽ	ठी ऽ ऽ ऽ
सा – – –	रे – – –	ग – ग –	ग – ग –
सं ऽ ऽ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	बा ऽ ऽ ऽ	ई ऽ ऽ ऽ
रे – म –	म – म –	म – म –	ग – ग –
घा ऽ घ ऽ	रो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	घ ऽ म ऽ
रे – ग –	ग – ग –	रे – रे –	सा – सा –

का ऽ व ऽ	ती ऽ ऽ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
रे – म –	म – म –	म – म –	ग – ग –
चु ऽ न ऽ	ड़ी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	च ऽ म ऽ
रे – ग –	ग – ग –	रे – – –	सा – – –
का ऽ व ऽ	ती ऽ ऽ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
रे – म –	म – म –	म – म –	ग – ग –
चु ऽ ड़ि ऽ	लो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ख ऽ न ऽ
रे – ग –	ग – ग –	रे – – –	सा – – –
का ऽ व ऽ	ती ऽ ऽ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
रे – म –	म – म –	– – – –	ग – ग –
बि ऽ छि ऽ	या ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ब ऽ ऽ ऽ
रे – ग –	ग – – –	रे – – –	सा – – –
जा ऽ व ऽ	ती ऽ ऽ ऽ	जा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ
रे – ग़ –	ग़ – रे –	सा – सा –	नी़ – नी़ –
बा ऽ ई ऽ	जी ऽ की ऽ	न ऽ थ ऽ	नी ऽ ऽ ऽ
रे – ग़ –	ग़ – रे –	सा – सा –	सा – सा –
झो ऽ ऽ ऽ	ला ऽ ऽ ऽ	खा ऽ ऽ ऽ	य ऽ ऽ ऽ

संजा

संजा सहेलड़ी, बजार मंऽ खेलऽ
बजार मंऽ डोलऽ
तू किनकी बेटी, तू खाय खाजा–रोटी
तू पेरऽ माणक मोतीऽ,
गुजराती चाल चलऽ
निमाड़ी बोली बोलऽ
संजा सेळ्यो रे, माथऽ बेड़ो रेऽ
चार चिंदी रे, माथऽ बिंदी रे, माथऽ बिन्दी रेऽऽ

संजा सहेली तुम बाजार में खेल रही हो, घूम रही हो (सर्वत्र संजा की लाली दिखाई देती है)। तुम किनकी बेटी हो? तुम खाजा– रोटी खाती हो। तुम्हारी चाल चतुर– सुंदर गुजराती बालिका जैसी है और तुम्हारी बोली निमाड़ी है, तुमने सुंदर माणिक–मोती के आभूषण पहने हैं। भला तुम कौन हो, कहाँ से आई हो? (संजा तो सबकी है, सब जगह वह पहुँचती है।) तुमने

माथा गूँथ रखा है, रात्रि की फैलती अंधियारी उसका माथा है (सिर है), जिसे उदित होते तारों-सितारों से गूँथा हुआ है। क्या तुम्हारे सिर पर चाँद का घड़ा - बेड़ा रखा है? और तुमने शुक्र और ध्रुव तारे की बिंदी लगा रखी है। इसीलिये संध्या सहेली बहुत सुंदर और मोहिनी प्रतीत हो रही है।

बालिकाओं को प्रकृति, संध्या के विभिन्न रूपों का परिचय मिलता है।

राग - शिवरंजनी　　ताल- दादरा

थाट - काफी　　स्वर- दोनों गंधार- ग ग़

संजा सहेलड़ी बजार मं ऽ खेल ऽ .....

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा सा	सा रे –	सा – –	प़ प़ प़
सं ऽ जा	ऽ स ऽ	हे ऽ ल	ड़ी ऽ ब
सा – –	रे – –	ग़ – रे	– – सा
जा ऽ र	मं ऽ ऽ	खे ऽ ल	ऽ ऽ ब
सा – –	रे – –	ग़ – रे	– सा –
जा ऽ र	मं ऽ ऽ	डो ऽ ल	ऽ तू ऽ
सा – –	रे – –	ग़ – रे	– सा –
कि न ऽ	की ऽ ऽ	बे ऽ टी	ऽ तू ऽ
सा – –	रे – –	ग़ – रे	– सा –
खा ऽ य	खा ऽ जा	रो ऽ टी	ऽ तू ऽ
सा – –	रे – –	ग़ – रे	– सा –
पे ऽ र	मा ण क	मो ऽ ती	ऽ गु ज
सा – –	रे – –	ग़ रे –	रे सा –
रा ऽ ती	चा ऽ ल	च ल ऽ	ऽ नि ऽ
सा – –	रे – –	ग़ रे –	सा रे –
मा ऽ ड़ी	बो ऽ ली	बो ल ऽ	सं जा ऽ
ग – –	रे – –	सा – –	सा रे –
से ऽ ऽ	ळो ऽ ऽ	रे ऽ ऽ	मा थ ऽ
ग – –	रे – –	सा – –	सा रे –
बे ऽ ऽ	ड़ो – –	रे ऽ ऽ	चा र ऽ
ग – –	रे – –	सा – –	सा सा रे

चिं ऽ ऽ	दी ऽ ऽ	रे ऽ ऽ	ओ मा थ
ग – –	रे – –	सा – –	सा – रे
बिं ऽ ऽ	दी ऽ ऽ	रे ऽ ऽ	मा ऽ थ
ग – –	रे – –	सा – –	– – – –
बिं ऽ ऽ	दी ऽ ऽ	रे ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

संजा तू थारा घर जाऽ
कि थारी मांय मारगा कि कूटगा
चाँद गयो गुजरात,
हिरणी का बड़ा – बड़ा दांत
कि पोर्या–पार्ईऽ डरगा कि चमकगा
डरगा कि चमकगा .....
ईशा तू थारा घर जाऽ
कि थारी मांय मारगा कि कूटगा
चाँद गयो गुजरात, हिरणी का बड़ा बड़ा दांत
कि पोर्या पारईऽ डरगा कि चमकगा .....

संजा– फूली खेल में बालिकाओं को जीवन की शिक्षा खेल–खेल में देने की व्यवस्था है। सामूहिकता, एकता, संगठन, नेतृत्व, अनुशासन, सहकारिता आदि के गुण बालिकाओं को खेलते हुए मिलते हैं। खेलने के समय की भी सीमा का ध्यान रखना आवश्यक है। खेलने में यदि रम गये तो अन्य कार्य समय पर नहीं हो पायेंगे। अनुशासन आवश्यक है। उसका पालन अनिवार्य है। अच्छा काम होने पर प्रशंसा और पुरस्कार से प्रोत्साहन मिलता है, किन्तु गलती करने पर या अनुशासन–हीनता होने पर सजा द्वारा उस त्रुटि को सुधारने की प्रेरणा दी जाती है। संजा के भय से भी नियमों का पालन हो जाता है।

संध्या की समाप्ति होने पर रात्रि का अंधकार बढ़ जाता है। अधिक रात्रि तक घर से बाहर न खेलने की बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से हिदायत दी जाती है, अत: वे याद दिलाती हैं कि घर जाओ, देखो रात्रि अधिक हो गई है। तुम्हारी माँ मारेंगी–पीटेंगी। चाँद भी दूर गुजरात देश की ओर चला गया और हिरणी के दाँत बड़े–बड़े और डरावने दिखाई दे रहे हैं। साथ आये छोटे भाई–बहन डरेंगे, चमकेंगे। अत: अब चलो, घर चलें।

राग – बिलावल	ताल– कहरवा
थाट – बिलावल	स्वर– शुद्ध स्वर

संजा तू थारा घर जा .....

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा सा सा	सा – सा –	सा – सा –	रे – रे –
सं ऽ जा ऽ	ऽ तू ऽ ऽ	था ऽ रा ऽ	घ ऽ र ऽ
सा – सा –	सा – सा –	ध़ – – –	ध़ – – –
जा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ओ ऽ ऽ ऽ
सा सा सा सा	सा – सा –	सा – सा –	रे – रे –
सं ऽ जा ऽ	ऽ तू ऽ ऽ	था ऽ रा ऽ	घ ऽ र ऽ
ध़ – ध़ –	– रे – रे	रे – – –	रे – – –
जा ऽ ऽ ऽ	ऽ कि ऽ ऽ	था ऽ री ऽ	मा ऽ य ऽ
सा – सा –	रे – रे –	ग – ग –	ग – ग –
मा ऽ ऽ ऽ	र ऽ ऽ ऽ	गा ऽ ऽ ऽ	ऽ कि ऽ ऽ
रे – – –	सा – – –	सा – – –	– – – –
कू ऽ ऽ ऽ	ट ऽ ऽ ऽ	गा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
सा – – –	सा – – –	सा – – –	रे – रे –
चाँ ऽ ऽ ऽ	द ऽ ग ऽ	यो ऽ ऽ ऽ	गु ऽ ज ऽ
सा – सा –	सा – सा –	ध़ ध़ ध़ ध़	सा – – –
रा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	त ऽ ऽ ऽ
सा – सा –	सा – सा –	सा – – –	रे – – –
हि र णीऽ	का ऽ ऽ ऽ	ब ऽ ड़ा ऽ	ब ऽ ड़ा ऽ
ध़ – ध़	ध़ रे – –	रे – रे –	रे – रे –
दाँ ऽ त ऽ	ऽ कि ऽ ऽ	पो र या ऽ	पा ऽ रई ऽ
सा – – –	रे – – –	ग – – –	ग – – –
ड ऽ ऽ ऽ	र ऽ ऽ ऽ	गा ऽ ऽ ऽ	ऽ कि ऽ ऽ
रे – – –	सा – – –	सा – – –	सा – – –
च ऽ म ऽ	क ऽ ऽ ऽ	गा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

तू जा बाई संजा सासरऽ... 2
संजा का सासरऽ सी हत्ती बी आयो
घोड़ो बी आयो, म्यानो बी आयो
पालकी बी आई तू जा बाई संजा सासरऽऽ

हत्ती हाल बंधाड़ो (हत्ती सामनऽ उभाड़ो)
घोड़ा घुड़साल बंधाड़ो, पालकी छज्जा उतारो
म्याना धाबा धराड़ो,
हऊं तो नईं जाऊं दादा जी सासरऽ... 2
तू जा बाई संजा सासरऽ... 2

संजा फूली गीतों में यह संजा की विदा का गीत है। वास्तव में हमारे यहाँ बचपन से ही और खेल-खेल में ही बालिकाओं को संस्कारित किया जाता है, विवाह पश्चात् घर-गृहस्थी संभालने के लिये यह सीख बहुत काम की होती है। संजा खेल भावी-जीवन का पूर्वाभ्यास ही है। विवाह होने पर लड़की को माता-पिता का घर छोड़ पति के घर याने ससुराल जाना पड़ता है।

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
ध – सा	– सा –	रे रे –	सा – सा
ना ऽ नी	ऽ न ऽ	ण द ऽ	म्हा ऽ री
रे – म	– रे –	प – प	प – –
ला ऽ ऽ	ऽ ड़ ऽ	ली ऽ जी	न्न ऽ ऽ
ध – प	प – म	रे – ग	रे – –
मा ऽ ण्ड्	यो ऽ छे	हा ऽ ऽ	ट ऽ ऽ

प – म	– ग –	रे – म	म – म
ना ऽ व	ऽ पू ऽ	छ ऽ जी	भ ऽ र
रे – ग	सा – सा	प प –	प – प
ता ऽ र	को ऽ ऽ	हां जी ऽ	बा ऽ ई
म – प	– म –	ग – रे	म म –
बिं ऽ दी	ऽ घ ऽ	ड़ा ऽ ऊं	स वा ऽ
रे – ग	सा – –	– – –	सा – सा
ला ऽ ख	की ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	जे ऽ म
रे ग –	– सा –	रे – –	– रे –
ज डूयो ऽ	ऽ ज ऽ	ड़ा ऽ ऽ	ऽ व ऽ
प – ध	प – म	रे – म	म – म
ना ऽ व	नी ऽ क	वा ऽ जी	भ ऽ र
रे – ग	सा – –	सा – –	– – –
ता ऽ र	को ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
ध़ – –	सा – –	रे – रे	सा सा सा
सा ऽ ऽ	सू ऽ ऽ	ळ ऽ य	म्हा ऽ री
रे – म	म – रे	प – प	प – –
कु ऽ ळ	व ऽ ऊ	वो ऽ जा	जे ऽ ऽ
ध ध प	म – –	ग – –	– रे –
ब णि या	दु ऽ ऽ	का ऽ ऽ	ऽ न ऽ
प – म	– ग –	रे – –	म – म
व्हां ऽ सी	ऽ क ऽ	पू ऽ र	व ऽ ऊ
रे – ग	सा – –	सा – –	– – –
ला ऽ व	जे ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
ध़ ध़ सा	– सा –	रे रे –	सा – सा
ना ऽ नी	ऽ न ऽ	ण द ऽ	म्हा ऽ री
रे – म	– रे –	प प प	प – –
सा ऽ ऽ	ऽ थ ऽ	मं ग ई	थी ऽ ऽ
ध ध प	– म –	ग – – –	रे – –

ब णि या	ऽ दु ऽ	का ऽ ऽ	न ऽ ऽ
प प म	– ग –	रे – –	म – –
ब णि या	ऽ म ऽ	सा ऽ ऽ	ला ऽ ऽ
रे – ग	सा – –	सा – –	– – –
जो ऽ ख	द ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

कुल देवी पूजन

गाड़ी झुपी नऽ म्हारी मंगळा माता आवऽ
या गाड़ी कूण छोड़ावऽ
(1) गाड़ी छोड़ावऽ म्हारो रजनीस भाई घरास्यो (सौभाग्यो)
देवी की महिमा बढ़ावऽ
धवळ्यो कय म्हारो सींग मढ़ावो (रंगावो)
काळ्या की झूल बणावो
धवल्यो कय म्हारो सींग मढ़ावोऽ
देवी खऽ अगर (मुकुट, छत्र) घड़ावोऽ
(2) गाड़ी छोड़ावऽ म्हारो मनीष भाई घरास्यो (सौभाग्यो)
देवी की महिमा बढ़ावऽ
धवळ्यो कय म्हारो सींग मढ़ावोऽ
काळ्या की झूळ बणावोऽ
धवळ्यो कय म्हारो सींग मढ़ावोऽ
देवी खऽ अगर (मुकुट छत्र) घड़ावोऽ

इसी तरह घर के सब भाई-बेटों, नाती-पोतों के नाम लेकर गीत आगे बढ़ता जाता है। अपनी-अपनी कुल देवी का नाम लेकर गीत गाया जाता है।

शुभ विवाह में मंडप के दिन, देवी पूजन के लिये चौघट लीपते समय, ईरीत बनाते समय या देवी की फोटो रखते समय ये गीत गाया जाता है। सब परिवारों की अपनी-अपनी अलग कुलदेवी होती हैं और अपनी-अपनी पूजा नैवेद्य की रीति-नियम होते हैं, अत: गीत में अपनी कुल देवी का नाम लिया जाता है।

शुभ कार्य में कुल देवी पधार रही हैं, उनकी गाड़ी ससम्मान कौन छुड़वा रहा है? जिनके पुत्र-पुत्रियों का विवाह है, सर्वप्रथम उनका या उनके परिवार के सबसे बड़े भाई तथा क्रमानुसार सब भाइयों के नाम गाड़ी छुड़ाने में लिये जाते हैं। सौभाग्यशाली भाई ने गाड़ी छुड़ाई, उनके घर

कुल देवी आई हैं, उन्होंने देवी की महिमा बढ़ाई है। देवी की गाड़ी का सफेद बैल कह रहा है– मेरा सींग रंगवा दो, मढ़वा दो और काले बैल की झूल बनवा दो तथा देवी को मुकुट और छत्र चढ़ाओ।

राग – भीमपलास	ताल – दीपचंदी
थाट – काफी	स्वर – ग नि कोमल

गाड़ी झुपी न ऽ म्हारी मंगला माता ....

स्थाई

× – – –	2– – –	× – – –	3 – – –
नि नि –	सा – रे –	ग – ग	रे – सा –
गा ऽ ऽ	ड़ी ऽ झु ऽ	पी ऽ न	म्हा ऽ री ऽ
सा – सा	ग – ग –	ग रे – –	नि – प –
मं ग ळा	मा ऽ ता ऽ	आ ऽ ऽ	व ऽ ऽ ऽ
प नि नि	सा – रे –	रे ग ग	रे – रे –
या ऽ ऽ	गा ऽ ड़ी ऽ	कू ऽ ऽ	ण ऽ छो ऽ
सा – रे	सा – सा –	सा – सा	सा – सा –
ड़ा ऽ ऽ	व ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	2– – –	× – – –	3 – – –
नि नि –	सा – रे –	ग – ग	रे – सा –
गा ऽ ऽ	ड़ी ऽ छु ऽ	ड़ा ऽ व	म्हा ऽ रा ऽ
सा – सा	ग ग ग ग	ग – रे	नि – प –
र ज नीश	भ ई घ रा	ऽ ऽ ऽ	स्या ऽ ऽ ऽ
प नि नि	नि – सा –	रे ग ग	रे – रे –
दे ऽ ऽ	वी ऽ की ऽ	म हि ऽ	मा ऽ ब ऽ
सा – रे	सा – सा –	सा – –	सा – – –
ढ़ा ऽ ऽ	व ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
नि – नि	सा – रे –	ग – ग	रे – सा –
ध ऽ व	ळ्यो ऽ क ऽ	य ऽ हो	म्हा ऽ रा ऽ

सा – –	ग़ – ग़ –	रे – –	नि़ – प़ –
सीं ऽ ऽ	ग ऽ म ऽ	ढ़ा ऽ ऽ	वो ऽ ऽ ऽ
प़ – नि़	नि़ सा – सा	रे – ग़	ग़ – रे –
दे ऽ ऽ	वी ख ऽ ऽ	अ ऽ ग	र ऽ च ऽ
सा – रे	सा – सा –	सा – –	सा – – –
ढ़ा ऽ ऽ	वो ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

माता आरती मंऽ बेल बिजोरोऽ, सवा पळ्ो तेल बळऽ
आरती अजब बणी (वो माता)
वो माता कूण भाई सन्त पियारा,
कूणऽ वऊ सेवा करऽ वो
माता मोठा भाई सन्त पियारा
लाड़ी वऊ सेवा करऽ वो
माता उनखऽ सुफळ देवोऽ
सदा ही वो आणंद करऽ वो
माता उनखऽ अम्मर करी राखो
सदा ही वो आणंद करऽ वो

माता की आरती में बेल बिजोरा है और दीपक में सवा पली तेल जल रहा है, अर्थात् तेल का अखण्ड दीपक प्रज्ज्वलित है, आपकी महिमा अजब है, निराली है। इस आरती को करने वाले भाई सन्त प्यारे हैं, अर्थात् सभी सन्त उन्हें महत्त्व देते हैं और उनकी पत्नी भी देवी की सेवा करती हैं। देवी उन्हें सपरिवार सुफल देना, उन्हें अमर करना, वे सदा आनंद ही करें।

राग – पीलू	ताल – दीपचंदी
थाट – काफी	स्वर – दोनों गंधार, दोनों धैवत

माता आरती मं ऽ बेल बिजोरो.....

स्थाई

सा रे ग़	सा – रे –	सा – नि़	नि़ सा सा –
मा ऽ ता	आ ऽ र ऽ	ती ऽ म	बे ऽ ऽ ऽ
रे – रे	ग़ – ग़ –	रे – रे –	नि़ – सा –

ल ऽ बि	जो ऽ ऽ ऽ	रो ऽ ऽ	आ ऽ ऽ ऽ
रे – रे	रे – ग़ –	रे सा नि़	सा – सा –
र ऽ ती	अ ऽ ज ऽ	ब ब ऽ	णी ऽ वो

अन्तरा

सा रे ग़	सा – रे –	सा – नि़	नि़ – सा –
मा ऽ ता	कू ऽ ण ऽ	भा ऽ ई	सं ऽ ऽ ऽ
रे – रे	रे – ग़ –	रे सा नि़	सा – सा –
त ऽ ऽ	पि ऽ या ऽ	रा कू ऽ	ण ऽ ऽ ऽ
रे – रे	ग़ – ग़ –	रे नि़ –	सा – सा –
व ऽ ऊ	से ऽ ऽ ऽ	वा क ऽ	र ऽ वो ऽ
सा रे ग़	सा – रे रे	सा – नि़	सा – सा –
मा ऽ ता	मो ऽ ठा ऽ	भा ऽ ई	सं ऽ ऽ ऽ
रे – –	रे – ग़ –	रे – सा	सा – – –
त ऽ ऽ	पि ऽ या ऽ	रा ऽ ला	ड़ी ऽ ऽ ऽ
रे – रे	ग़ – रे	सा – नि़	सा – सा –
व ऽ ऊ	से ऽ ऽ ऽ	वा ऽ क	र ऽ वो ऽ
सा रे ग़	सा – रे –	सा – सा	नि़ – सा –
मा ऽ ता	उ ऽ न ऽ	ख ऽ अ	म्म ऽ र ऽ
रे ग़ सा	रे ग़ – ग़	रे – नि़ –	नि़ – सा –
क ऽ री	ऽ रा ऽ ऽ	खो ऽ स ऽ	दा ऽ ही ऽ
रे – रे	ग़ – ग़ –	रे – नि़	सा – सा –
वो ऽ आ	नं ऽ ऽ ऽ	द ऽ क	र ऽ वो ऽ

रूखड़ी

सरग भवन्ती वो गिरधरणी,
एक संदेसो लई जाव 2
सरग का मोठा भाई सी यूं कयजो,
तुम घर नाती को याव 2
जेम सर रे ओम सारजो,
हमारो ते आवणूं नी होय 2

ताला जड़्या रे लोहा बंद का,
जड़ी दिया वजीर किवाड़ 2
सरग भवन्ती वो गिरधरणी.....

विवाह की तिथि तय हो जाने पर विवाह की विविध तैयारियाँ प्रारंभ हो जाती हैं। इस हेतु निमंत्रण पत्रिकाएँ छपवा कर आत्मीयजनों, परिजनों, कुटुम्बियों, परिचितों को आमंत्रित किया जाता है। मंडप के दिन रात्रि में 'रूखड़ी निवती' जाती है, अर्थात् अपने पूर्वजों को शुभ-विवाह होने की सूचना देते हुए आमंत्रित किया जाता है। दूर आकाश में बहुत ऊँचाई तक उड़कर जाने वाले गिद्ध-गिधनी को स्वर्ग में रहने वाले अपने पूर्वजों-प्रियजनों को संदेश देने का आग्रह किया जाता है और स्वर्गवासी पूर्वज भी उसी गिधनी के माध्यम से अपना संदेश और आशीर्वाद भिजवाते हुये कहते हैं कि जैसे भी संभव हो तुम विवाह कार्य संपन्न कर लो, हमारा तो आना नहीं हो सकेगा, क्योंकि हमारे रास्ते बंद हैं। स्वर्ग के द्वार बड़े-बड़े लोहे के भारी दरवाजों से बंद किये गये हैं और उनमें बड़ी-बड़ी भारी अर्गलायें लगा दी गई हैं तथा मोटी-मोटी बड़ी मजबूत साँकलों में भारी-भरकम ताले जड़े हुए हैं। अत: हमारा आना, विवाह में उपस्थित होना असंभव है। यह अत्यंत करुण गीत है। सभी अपने प्रिय पूर्वजों की स्मृति में शोकाकुल हो जाते हैं। परन्तु शीघ्र ही 'वर-माता' मंडप में गीत और नृत्य प्रारम्भ करती है और फिर अन्य महिलायें नृत्य करती हैं। गीत-संगीत-नृत्य-हास-परिहास से सारा वातावरण उल्लास, उमंग, उत्साह-आनंद से भर उठता है।

राग - भीमपलास　　ताल - दीपचंदी
थाट - काफी　　स्वर - ग़ नि़ कोमल

सरग ऽ भवन्ती वो गिरधरणी.....

स्थाई

× - - -	2- - -	× - - -	3 - - -
सा सा सा	म म ग़ सा	ग़ ग़ ग़	म म प म
स र ऽ	ग ऽ ऽ	व ऽ ऽ	न्ती ऽ वो ऽ
म म म	ग़ - म ग़	- ग़ -	म ग़ ग़ सा
गि र ऽ	ध ऽ र णी	ऽ ए ऽ	क ऽ सं ऽ
ग़ ग़ ग़	ग़ म प म	म म म	ग़ ग़ ग ग
दे सो ऽ	ल ऽ ई ऽ	जा ऽ ऽ	ऽ व ऽ ऽ
सा सा सा	म - ग़ सा -	सा ग़ ग़	ग़ म प म

स र ऽ	ग ऽ का ऽ	मो ठा ऽ	भा ई सी ऽ
म म ग	म –ग –	ग ग ग	म – ग –
यूं ऽ क	य ऽ जो ऽ	तु म ऽ	घ ऽ र ऽ
सा ग ग	ग म प म	म – –	ग ग ग ग
ना ऽ ऽ	ती ऽ को ऽ	या ऽ ऽ	ऽ व ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	2– – –	× – – –	3 – – –
सा सा म	म ग सा –	ग ग ग	ग म प म
जे ऽ म	ऽ स ऽ ऽ	र रे ऽ	ओ ऽ म ऽ
म म म	ग – सा –	ग ग ग	म म ग ग
सा ऽ ऽ	र ऽ जो ऽ	ह मा ऽ	रो ऽ ते ऽ
सा ग –	म – प –	प म –	ग ग ग ग
आ व ऽ	णुं ऽ नी ऽ	हो ऽ ऽ	ऽ य ऽ ऽ
सा – म	म ग सा ग	ग – –	ग म प म
ता ऽ ला	ऽ ज ऽ ड़्या	रे ऽ ऽ	लो ऽ हा ऽ
म म म	ग – सा –	ग ग ग	म – ग –
बं ऽ ऽ	द ऽ का ऽ	ज ड़ी ऽ	दि ऽ या ऽ
सा ग ग	म – प –	म म –	ग ग ग ग
व जी ऽ	र ऽ कि ऽ	वा ऽ ऽ	ऽ ड़ ऽ ऽ

परछन

अरी माई असो ते म्हारा यहां नित नवो होय,
सांवला हरि नी आरती जी,
आरती करो हो तुम माता जसोदा
सांवळा हरि नी आरती जी,
आरती करो हो तुम बईण सुभद्रा
सांवळा हरि नी आरती जी
अरी माई पड़छो ते यदुपति राय
अरी माई पड़छो ते मुकुंद मुरारी,
सांवळा हरि नी आरती जी

(1) लाओ रे साळ रा खांडणा, पड़छो ते यदुपति राय,

माईऽऽ पड़ऽ छोऽते यदुपति राय,
सांवळ्या हरि नी आरती जीऽ

(2) *लावो रे दहिया बिलोवणा, पड़छो ते यदुपति राय*
माईऽऽ पड़ऽ छोऽते यदुपति राय,
सांवळ्या हरि नी आरती जीऽ

(3) *लाओ रे सूत रा कातणा, पड़छो ते यदुपति राय*
माईऽऽ पड़ऽ छोऽते यदुपति राय, सांवला .....

(4) *लाओ रे जंगल रोयसो, पड़छो ते यदुपति राय,*
माईऽऽ पड़ऽ छोऽते यदुपति राय, सांवळ्या हरि.....

(5) *लाओ रे साळ रा झाडणा, पड़छो ते यदपुति राय,*
माईऽऽ पड़ऽ छोऽते यदुपति राय,
सांवळ्या हरि नी आरती जीऽ
अरि माई पड़छो ते मुकुंद मुरारी
सांवळ्या हरि नी आरती जीऽ ऽ ऽ

पड़छना अर्थात् नजर उतारना। विवाह के अवसर पर हल्दी से सजे-धजे अलंकृत वर-वधू आकर्षण के केन्द्र होते हैं। लोक मान्यतानुसार सुंदर वर-वधू और परिवार के सुख तथा सौभाग्य को देख कई ईर्ष्यालु अपनी दुर्भावना व्यक्त करते हैं। अत: बुरी नजर से बचाने के लिये वर-वधू को काजल लगाया जाता है, चाकू-कटार उनके पास रखे जाते हैं, उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाता, उनके साथ राई रखी जाती है।

विवाह के रीति-रिवाजों के अन्तर्गत बारात जाने के पूर्व मंडप के तोरण में वर-माता दूल्हे राजा को उक्त गीत के साथ पड़छती है और स्त्रियाँ इस गीत को गाती हैं। जब बारात वधू के यहाँ पहुँचती है, तब वहाँ मंडप में जाने के पूर्व तोरण में (वर-माता) वधू-माता वर को पड़छती है। विवाह उपरान्त बारात वर-वधू को लेकर जब आती है, तब दूल्हा-दुल्हन को पड़छती है। वरमाता यशोदा के रूप में कृष्ण-राधा रूपी दूल्हा-दुल्हन को पड़छती हैं- नजर उतारती हैं। स्वागत करती है।

राग - काफी　　ताल - दीपचंदी
थाट - काफी　　स्वर - ग नि कोमल

अरी माई असो ते म्हारा यहां नित-नवो हो.....

स्थाई

3 – – –	×– – –	2 – – –	0 – – –
सा नि़ सा रे	रे रे रे	रे ग़ रे सा	नि़ सा रे
अ री मा ई	अ सो ते	म्हा रा य हाँ	नि़ त ऽ
रे ग़ रे ग़	रे नि़ सा	सा रे ग़ सा	रें ग़ रे
न वो हो ऽ	य सां व	ला ह रि नी	आ र ती
सा नि़ सा –	सा नि़ सा	रे रे रे रे	रे रे रे
जी ऽ ऽ ऽ	आ र ती	ऽ क रो हो	ऽ तु म
रे ग़ रे सा	नि सा रे	रे रे रे रे	रे ग़ रे
मा ऽ ता ऽ	ज सा दा	सां व ळो ऽ	ह रि नी
रे ग़ रे –	सा नि सा		
आ ऽ र ती	जी ऽ ऽ		

अन्तरा

3 – – –	×– – –	2 – – –	0 – – –
सा नि़ सा रे	रे रे रे	रे ग़ रे सा	सा सा नि़
अ री मा ई	ला ओ रे	सा ळ रा खां	ऽ ड ण
नि़ नि़ रे रे	रे ग़ रे	सा नि़ सा –	सा नि़ सारे
प ड़ छो ऽ	ते य दु	प ति रा य	मा ऽ ईऽ
नि़ नि़ रे रे	रे ग़ रे	सा नि़ सा –	रे रे रे
प ड़ छोऽ	ते य दु	प ति रा य	साँ व ळा
रे ग़ रे –	रे ग़ रे	सा नि़ सा –	सा – –
ह रि नी ऽ	आ र ती	जी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ

जेवनार

सेवक का घर सतगुरु आया
काई – काई मिजवानी करूं हो रामा 2
(1) *चित्त की चौकी, संतोष बठई नऽ*
प्रीत पांवड़्या डालूं,
ज्ञान गलीचा गम का तकिया
प्रेम पलंग बिछाऊं।। सेवक का घर सतगुरू.....

(2) सुरता का गड़वा मंऽ, जल भरी लाऊं,
सतगुरू सीस नवाऊं
चरण परवाळ्ई चरणामृत लेऊं
सतगुरु सीस नवाऊं।। सेवक का घर सतगुरु आया.....

(3) समिता अमिता तप रसोई,
प्रेम प्रसाद बणायो
फूल की फुलक्या, मन की मंगोड़ी
जुगत जलेबी बणाई।। सेवक का घर सतगुरु आयो.....

(4) भाव को भात बणायो तिलोख्या
दया जी की दाळ बणाई 2
हीव को हींग हळ्द हिरदा की
तत्त्व को तेल मंगायो।। सेवक का घर.....

(5) समता को रस ममता की मिरची
पांच मसाला मिलाया
शील की सेंव भक्ति का भटा बण्या
करम करेली बणाई।। सेवक का घर.....

(6) सब संतन जब जीमण बठ्या
सतगुरू परसण आया 2
धोई डालो हो बिंबि का जळ सी
करमन की कढ़वाई।। सेवक का घर.....
सेवक का घर सत्गुरु आया, काई-काई मिजवानी करूं हो रामा.....

शुभ कार्यों में, विवाह आदि प्रसंगों में अतिथियों और समधियों के भोजन करते समय उनके मनोरंजन, आनंद के लिये अनेक मधुर रसमय गीत गाये जाते हैं। जिनमें विविध व्यंजनों के वर्णन के साथ ही प्रेम, मेल-मिलाप, परोपकार, सत्कार्यों के परिणाम, जीवन के सत्य, आनन्द और आत्मा-परमात्मा के मिलन के वर्णन भी होते हैं। इन गीतों में गुरू के आने पर उनके आतिथ्य द्वारा उनकी कृपा पाने और जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का संदेश है। भाव के भोजन और जीवन में अपनाये गये सद्गुण रूपी व्यंजनों से ही गुरू संतुष्ट होकर शिष्य पर अपनी अमृतमयी कृपा बरसाते हैं। वैसे ही आये हुए मेहमान संतुष्ट हों, आनंदित हों और कृपा बनाये रखें।

राग - भीमपलास　　ताल - दादरा
थाट - काफी　　स्वर - ग नि कोमल

सेवक का घर सतगुरू आया, कोई-काई मिजवानी.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
प़ प़ नि़	नि़ नि़ नि़	सा सा सा	– सा सा
से ऽ वं	ऽ कं ऽ	का घ ऽ	र ऽ ऽ
सा सा म	म म ग़	म म प	प – प
स ऽ त्	गु ऽ रू	आ ऽ या	ऽ ऽ ऽ
ग़ ग़ म	म प प	म म ग़	ग रे रे
का ई का	ऽ ई ऽ	मि ज बा	ऽ नी ऽ
नि़ नि़ सा	सा ग़ ग़	रे रे सा	सा – –
क ऽ रूं	ऽ हो ऽ	रा ऽ मा	ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा सा	सा म म	म म म	म म म
चि ऽ त्त	ऽ की ऽ	चौ ऽ की	ऽ सं ऽ
प प म	म ग़ ग़	ग़ म म	प प प
तो ऽ ष	ऽ ब ऽ	ऽ ठ ई	न ऽ ऽ
नि़ नि़ प	प म म	म ग़ ग़	रे – सा नि़
प्री ऽ त	ऽ पां ऽ	ऽ व ऽ	ड्या ऽ ऽ
सा – सा	सा सा सा	सा सा म	म म म
डा ऽ लूं	ऽ ऽ ऽ	ज्ञा ऽ न	ऽ ग ऽ
म म म	म म म	म प प	ग़ म म
ली ऽ ऽ	चा ऽ ऽ	ग ऽ म	का ऽ ऽ
प प प	प प प	नि़ नि़ प	प म म
त ऽ कि	या ऽ ऽ	प्रे ऽ म	ऽ प ऽ
ग़ ग़ रे	रे सा सा	नि़ सा सा	सा सा सा
लं ऽ ग	ऽ बि ऽ	ऽ छा ऽ	ऊं ऽ ऽ
– – –	– – –		
ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ		

समधियों को गाली

कुन्दनपुर की नार कृष्ण खऽ
हिलमिल गावऽ गाऽऽळी ऽऽ.....2

(1) पयली माता जो देवकी जी, बंदीखाना डाली,
दूजी माता जसोमती जी छांछ बिलोवत हारी ऽऽ।। कुंदन.....
(2) राजा बलि आगऽ हात पसार्‌या, बणी गया आप भिकारीऽऽ
कुंदन पुर की नार.....
(3) बुआ तुम्हारी कुन्ती कहिये,
जायो करण (कर्ण) कुंवारी ऽऽऽ कुंदनपुर की.....
(4) भौजई तुम्हारी द्रौपदी कहिये,
पांच पुरुष एक नारी ऽऽऽ।। कुंदनपुर की.....
(5) बैईण तुम्हारी सुभद्रा कहिये,
अर्जुन संग सिधारी ऽऽऽ।। कुंदनपुर.....
(6) हमरी गालई को बुरो मत मानो,
तुम जीजा हम साळ्ई ऽऽऽ
कुंदनपुर की नार कृष्ण खऽ हिलमिल गावऽ गाऽऽऽळी ऽ।

विवाहादि मांगलिक अवसरों पर आये हुए मेहमानों तथा बारात में आये समधियों का भोजन के समय मधुर गीतों से मनोरंजन भी किया जाता रहा है। इन गीतों में प्रमुख जिमणार (जेवनार) गाली निव्हाळई है, जिनमें हास-परिहास, ऐतिहासिक-पौराणिक कथाओं का उल्लेख एवं आध्यात्मिक अर्थ निहित होते हैं। कृष्ण के समक्ष उनकी ससुराल में भोजन के समय महिलायें 'गाली' गाकर आनंद का वातावरण उपस्थित कर रही हैं। सामान्यत: गाली कोई दे तो बुरा लगता है, क्रोध आता है और लड़ाइयाँ हो जाती है, परन्तु विवाह या अन्य शुभ अवसरों पर गाई जाने वाली ये गालियाँ सभी को पुलकित करती हैं। कृष्ण को कहा जाता है- आपकी पहली माता याने जन्मदात्री तो बंदीखाने में डाल दी गई थी और दूसरी पालन करने वाली माँ छाँछ बिलोती रहीं। आप स्वयं बलि राजा के आगे भिखारी बन खड़े हुए तीन पग जमीन मांग कर रहे थे। आपकी बुआ कुंती ने कुँवारेपन में सूर्य-पुत्र कर्ण को जन्म दिया और क्या कहें? आपकी भौजाई द्रौपदी पाँच पतियों की पत्नी है और बहन सुभद्रा ने भाग कर अर्जुन से विवाह किया।

परन्तु 'हे कृष्ण! हमारी गालियों का बुरा मत मानना' आप जीजाजी हैं- हम सालियाँ, तो मजाक करने और आपको चिढ़ाने का हमारा हक बनता है।

राग - पीलू　　ताल - कहरवा
थाट - काफी　　स्वर - गंधार, धैवत कोमल

कुंदनपुर की नार कृष्ण खऽ हिलमिल गाव गाली.....

स्थाई

रे रे रे रे	सा सा सा सा	रे रे रे रे	सा – – –
कुं ऽ ऽ ऽ	द ऽ न ऽ	पु ऽ र ऽ	की ऽ ऽ ऽ
रे – – –	सा – सा –	सा सा सा सा	सा – – –
ना ऽ ऽ ऽ	र ऽ कृ ऽ	ष्ण ऽ ऽ ऽ	ख ऽ ऽ ऽ
ग़ ग़ – ग	ग़ ग़ ग़ ग़	रे – – –	सा – – –
हि ऽ ल ऽ	मि ऽ ल ऽ	गा ऽ ऽ ऽ	व ऽ ऽ ऽ
नि़ नि़ सा सा	नि़ नि़ सा सा	रे रे ग़ ग़	रे रे सा सा
गा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ळी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

रे रे रे रे	रे रे रे रे	म म म म	म म म म
प ऽ य ऽ	ली ऽ मा ऽ	त ऽ ऽ ऽ	जो ऽ ऽ ऽ
प – प –	प प प प	प प प प	प – – –
दे ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ व ऽ	की ऽ ऽ ऽ	जी ऽ ऽ ऽ
रे – – –	म – – –	प प ध़ ध़	प प म म
बं ऽ ऽ ऽ	दी ऽ ऽ ऽ	खा ऽ ऽ ऽ	ना ऽ ऽ ऽ
ग़ ग़ ग़ ग़	रे रे रे रे	सा सा सा सा	सा सा सा सा
डा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ली ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
रे रे रे रे	रे रे रे रे	म म म म	म म म म
दू ऽ ऽ ऽ	जी ऽ मा ऽ	त ऽ ऽ ऽ	जो ऽ ऽ ऽ
प प प प	प – प प	प प प प	प प प प
य ऽ शो ऽ	ऽ म ऽ ऽ	ती ऽ ऽ ऽ	जी ऽ ऽ ऽ
रे रे रे रे	म म म म	प ध़ प –	म म म म
छाँ ऽ ऽ ऽ	छ ऽ बि ऽ	लो ऽ व ऽ	त ऽ ऽ ऽ
ग़ ग़ ग़ ग़	रे रे रे रे	सा सा सा सा	सा सा सा सा
हा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

समधन

सुण समदन री, थारो नयो जो बण्यो
नई हेत नई पयचाण (हुई) भई.... 2

(1) सुण समदन री थारो सीस नारेळ कसी रेख
कि चोटी भुजंग बणी
सुण समदन री थारी आंख अंबा कसी फाक
कि भवर कमान कसी।। सुण समदन.....

(2) सुण समदन री थारी नाक सुआ कसी चोंच
कि बेसर अजब बणी,
सुण समदन री थारा दांत दाड़िम कसा बीज
कि होठ तमोळ रची (हिंगुल रची)

(3) सुण समदन री थारा हात चम्पा कसी डाळ
कि अंगळई मूंगफळई
सुण समदन री थारो पेट पुरायण पान
कि हिवड़ो संच ढुलऽऽ

(4) सुण समदन री थारा पांय देवुळ कसा खम्ब
कि पिंडली बेलण बनी
सुण समदन री थारी बिछिया री झणकार
कि सयर मंऽ हूळ मची

(5) सुण समदन री थारो घाघरो रे घमघोळ
कि सयर सब सोर लियो
सुण समदन री गजानन्द जी जीजमान
कि जोड़ी तेरी कछु न बणी
सुण समदन री ललित नारायण जी सा उमराव
कि जोड़ी थारी अजब बणी।। सुण समदन.....

विवाह तथा अन्य शुभ अवसरों पर कुटुम्बीजन, आत्मीयजन, रिश्तेदार एवं समधीजन भी सम्मिलित होते हैं। भोजन करने के उपरान्त हास-परिहास-मनोरंजन आदि के कार्यक्रम भी होते हैं। महिलायें इस समय 'गाली', 'जिमणार' 'जेवनार' निव्हालई' और 'समदन' गाती हैं, जिसका विशेष महत्त्व एवं आनन्द होता है।

प्रस्तुत गीत में समदन के रूप-सौंदर्य का बड़ा ही रस भरा वर्णन है। नख-शिख वर्णन में उन्हें उलाहना देते हुए उनके पति के साथ उनकी जोड़ी को अनमेल ठहराते हुए अपने यहाँ के पुरुष के साथ उनकी जोड़ी को अनूठी और बेजोड़ निरूपित करते हुये हास-परिहास, विनोद और उमंग-उत्साह का वातावरण बना दिया जाता है।

राग – भूपाली
थाट – कल्याण

ताल – कहरवा
स्वर – सभी शुद्ध

सुण समदन री थारो नयो.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – सा –	ध़ –ध़ –	सा – रे –	ग – – –
सु ऽ ण ऽ	स ऽ म ऽ	द ऽ न ऽ	री ऽ ऽ ऽ
प – प –	प – प –	प – प –	ध – – –
था ऽ रो ऽ	न ऽ यो ऽ	जो ऽ ब ऽ	ण्यो ऽ ऽ ऽ
प – प –	ग – ग –	रे – सा –	सा – – –
न ऽ ई –	हे ऽ ऽ ऽ	त ऽ न ऽ	ई ऽ ऽ ऽ
रे – रे –	ग – ग –	रे – सा –	सा – – –
प ऽ य ऽ	चा ऽ ऽ ऽ	ण ऽ भ ऽ	ई ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – सा –	ध़ – ध़ –	सा – रे –	ग – – –
सु ऽ ण ऽ	स ऽ म ऽ	द ऽ न ऽ	री ऽ ऽ ऽ
प – प –	प – प –	प – प –	ध – ध –
था ऽ रो ऽ	सी ऽ ऽऽ	स ऽ ना ऽ	रे ऽ ळ ऽ
प – प –	ग – रे –	सा – – –	सा – – –
क ऽ सी ऽ	रे ऽ ख ऽ	की ऽ ऽ ऽ	चो ऽ ऽ ऽ
रे – रे –	ग ग ग ग	रे – सा –	सा – – –
टी ऽ ऽ ऽ	भु ऽ जं ऽ	ग ऽ ब ऽ	णी ऽ ऽ ऽ
सा – सा –	ध़ – ध़ –	सा – रे –	ग – – –
सु ऽ ण ऽ	स ऽ म ऽ	द ऽ न ऽ	री ऽ ऽ ऽ
प – प –	प प प प	प – प –	ध – ध –
था ऽ री ऽ	आं ऽ ऽ ऽ	ख ऽ लिं ऽ	बू ऽ ऽ ऽ
प – प –	ग – ग रे	सा – सा –	सा – सा –
क ऽ सी ऽ	फा ऽ ऽ क	की ऽ ऽ ऽ	भं ऽ व ऽ

रे – रे –	ग – ग –	रे – सा –	सा – सा –
र ऽ क ऽ	मा ऽ ऽ ऽ	न ऽ क ऽ	सी ऽ ऽ ऽ

पाणिग्रहण

नीच्ची उच्ची सरवरीया री पाल तो
साजन–साजन जुआं खेल जी
खेळतऽ जो खेलत पड़ी गयो डोल तो
कूण हार्‌या न कूण जीत्या जी
हार्‌या–हार्‌या लाड़कली रा पिता जी तो
गड़वा वो साजन जीती गया जी
घर म सी गोरी पूछ बात तो
आज म्हारा पीयू जी अनमना जी
कहूं तो गोरी कह्‌यो नहीं जाय वो
कह्‌या बिन नहीं ख्हां जी
हार्‌या–हार्‌या लाड़कली रा पिता जी तो
गड़वा हो साजन जीती गया जी
गऊआ सरसी बछुओ क्यों नी हार्‌या म्हारा पीयू जी
राजकुंवारी केऊं हार्‌या जी
साळ सरसी सवळ्‌यो क्यों नी हार्‌या म्हारा पीयू जी
राजदुलारी केऊं हार्‌या जी
गंगाळ सरसी वटळ्‌ई क्यों नी हार्‌या म्हारा पिता जी
राजदुलारी केऊं हार्‌या जी– – – – – –

विवाह संस्कार में पाणिग्रहण संस्कार के समय गाये जाने वाला अत्यंत करूण और मार्मिक गीत है। लाड़–प्यार से पाली–पोसी बेटी का हाथ वर के हाथ में देकर कन्यादान करते हैं, तब बेटी को सदा के लिये दे देने की पीड़ा के साथ ही बेटी को उसके घर सानंद पहुँचाने की व्यवस्था संपन्न होने का सुख भी है। पत्नी और बेटी भी कहती हैं कि आप दान में गाय–बछड़ा, बर्तन, वस्त्राभूषण क्यों नहीं दे देते, अपनी राजदुलारी प्यारी बिटिया को क्यों दे रहे हैं? पिता को भी बेटी से बिछुड़ने की कल्पना व्यथित कर देती है, परन्तु हमारी यही रीत है कि कन्या का पिता वर के पिता के सामने हारता है और गढ़ जीतने का सुख वर का पिता पाता है। यही सोचकर वह धैर्यपूर्वक स्वागत सत्कार के साथ बेटी को दहेज सहित सहर्ष विदा करता है।

राग – काफी | ताल – विलम्बित कहरवा

थाट – काफी | स्वर – ग़ नि़ कोमल

नीच्ची ऊच्ची सखरिया री पाल.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – ग़ –	म ग़ सा –	नि़ – – –	– – – –
नी ऽ च्ची ऽ	ऊ ऽ च्ची ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
सा ग़ ग़ प	म प म ग़	– – – –	ग़ – म –
स र व रि	या ऽ री ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	पा ऽ ऽ ऽ
– ग़ – –	– – रे सा	नि़ – सा –	सा ग़ ग़ प
ऽ ल ऽ ऽ	ऽ ऽ तो ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	सा ऽ ज न
म – प –	– म ग़ –	ग़ – म –	ग़ रे सा नि़
सा ऽ ऽ ऽ	ऽ ज न ऽ	जु ऽ आं ऽ	खे ऽ ऽ ल
सा – – –	सा – – –	सा सा सा ग़	म ग़ सा नि़
जी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	खे ल त जो	खे ल त ऽ
– – – –	– – – –	सा ग़ ग़ प	म – प –
ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	प ऽ ड़ी ऽ	ग ऽ ऽ ऽ
म – ग़ –	ग़ – म –	– म – –	रे – सा
यो ऽ ऽ ऽ	डो ऽ ऽ ऽ	ऽ ल ऽ ऽ	तो ऽ ऽ ऽ
नि़ – सा –	सा ग़ ग़ प	म प म ग़	ग़ ग़ म ग़
ऽ ऽ ऽ ऽ	कू ऽ ण हा	र्‌या ऽ न ऽ	कू ऽ ण जि
रे – सा नि़	सा – – –	– – – –	– – – –
त्या ऽ ऽ ऽ	जी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – ग़ –	म ग़ सा नि़	– – – –	– – – –
हा ऽ र्‌या ऽ	हा ऽ र्‌या ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
सा ग़ ग़ प	म प म –	ग़ – – –	ग़ – म –
ला ऽ ड़ क	ली ऽ रा ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	पि ऽ ता ऽ

ग रे सा नि	सा – – –	– – – –	सा ग ग प
जी ऽ तो ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ग ढ़ वा हो
म – प –	म – ग –	ग – म –	ग रे सा नि
सा ऽ ऽ ऽ	ज ऽ न ऽ	जी ऽ ती ऽ	ग ऽ या ऽ
सा – – –	सा – – –		
जी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ		

बेटी की विदा

फूलड़ा बिणन्ती तू चली वो लाड़कली,
अपणा पिता जी का बाग मंऽ ...2
कछु बिण्या कछु बिणवा हो लाग्या
एतरा मंऽ आया दुल्लव राय जीऽ
उठो लाड़कली तुम बठो पालकड़ीऽ
चलो ते अपणाऽ देस जीऽऽ

(1) जवं हमरा पिता जी वर परखसेऽ
तवं जाई जावां तुमरा साथ जीऽ
जवं हमरा दादा जी दायजो संजोवऽ
तवं जाई जावां तुमरा साथ जीऽऽ।। फूलड़ा.....

(2) जवं हमरा जीजा जी मंडप छावऽ
तवं जाई जावां तुमरा साथ जीऽ
जवं हमरा मामा जी 'कुंवारी' संजोवऽ
तवं जाई जावां तुमरा साथ जीऽऽ । फूलड़ा.....

(3) जवं हमरा वीराऽ जीऽ डोली संजोवऽ
तवं जाई जावां तुमरा साथ जीऽ
जवं हमरी मांय जो कूख पुजाड़ऽ
तवं जाई जावां तुमरा साथ जीऽऽ।। फूलड़ा.....

(4) काहे ख पाळई रे बाबुल काहे खऽ पोसीऽऽ
काहे पिलायो काचो दूध जीऽ
माया खऽ पाळई रे बाबुल, माया खऽ पोसीऽ
ममता पिलायो काचो दूध जीऽऽऽ।।
फूलड़ा बिणन्ती तू चली वो लाड़कली
अपणा पिताजी का बाग मंऽऽऽ

कन्या के विवाह का सबसे करूण प्रसंग है बेटी की विदाई। लाड़-प्यार से पाली-पोसी अपनी प्यारी बेटी को सदा के लिये दान करना और उसे विदा करना पड़ता है। संसार से विरक्त संन्यासी महर्षि कण्व अपनी पाल्या शकुन्तला को दुष्यन्त के साथ बिदा करते समय अपने आप को संभाल नहीं पाये। व्याकुल हो अश्रुधारा बह निकली तो भला जन सामान्य का क्या हाल होता होगा। अपने प्रिय और हृदय के टुकड़े को अनजान-अपरिचित लोगों को सदा के लिये दे-देने में हृदय हाहाकार कर उठता है। संसार की रीत है, हमारी संस्कृति है- कन्या को उसके घर संसार में सादर सोत्साह समारोह पूर्वक विदा करना।

पिताजी के घर-आँगन, बाग-बगीचों में खेलने-कूदने वाली बेटी कब विवाह योग्य हो गई, पता ही नहीं चला। बाग में फूल चुनते हुये ही दूल्हे राजा ने कहा- चलो गोरी! पालकी में बैठो और अपने देश चलें। परन्तु मर्यादा का पालन करने वाली बेटी ने वर को उत्तर दिया- मैं आपके साथ ऐसे उठकर नहीं जा सकती। मेरे पिता जी जब वर को देख-परख लेंगे और वे ब्याह रचायेंगे, और तभी मैं आपके साथ चलूँगी। जब मेरे दादा जी, काका जी आदि परिजन मेरा दहेज संजायेंगे। मामा जी जब कुँवारी पंगत देंगे। जीजा जी मंडप छवायेंगे। मेरे वीरा जी जब मेरी डोली संजायेंगे तथा जब माँ मुझसे और आपसे अपनी कूख की पूजा करायेंगी, तभी विवाह संस्कार संपन्न होने पर मैं आपके साथ चलूँगी। इतना सब होने पर विदा की घड़ी आ गई और बेटी माता-पिता से अत्यंत करूणापूर्वक पूछती है- कि जब मुझे किसी पराये को ही सौंपना था, तो क्यों कच्चा दूध पिलाकर पाला-पोसा? माता-पिता ने भी उत्तर दिया कि हमने माया को पाला-पोसा और ममता को कच्चा दूध पिलाया।

राग - चारूकेशी	ताल - कहरवा
थाट - काफी	स्वर - ग ध नि कोमल

फूलड़ा बिणन्ती तू चली वो लाड़कली.............

स्थाई

× - - -	0- - -	× - - -	0 - - -
सा सा सा प	पध पध प म	गम पध प -	प प - प
फू ल ड़ा ऽ	बिऽ णंऽ ऽऽ	तिऽ ऽऽ तूऽ	ऽ च ऽ ली
म ध प म	प - म -	ग रे सा रे	नि - नि सा
वो ऽ ला ऽ	ड़ ऽ क ऽ	ली ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ अं प
सा - म म	म ग रे नि	ग ग रे ग	रे सा सा सा
णा ऽ पि ऽ	ता ऽ ऽ जी	ऽ का ऽ बा	ऽ ग मं ऽ

सा सा सा सा	पध पध प म	गम पध प –	प प म म
क छु बि ण	याऽ ऽऽ ऽऽ	कऽ छुऽ ऽऽ	बि ऽ ण ऽ
म ध प म	म ग रे नि़	नि़ सा म म –	ग रे सा –
वा ऽ हो ऽ	ला ऽ ग्या ऽ	ए त रा मंऽ	आया ऽदु ऽ
नि़ नि़ ग ग	रे – सा सा	सा सा प प	पध पध प प
ल्ल व ऽ रा	ऽ य जी ऽ	उ ठो ला ड़	ऽक लीऽ तुम
म ध प म	म ग रे –	नि़ सा म म	गरे सा नि़ –
ब ठो पाऽ	ल क ड़ी ऽ	च लो ऽ ते	अप ना ऽऽ
नि़ ग रे –	सा सा सा –		
ऽ दे ऽ स	जी ऽ ऽ ऽ		

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा सा प प	प मगमप धप पम	ध प म ग	रे नि़ ऽ सा
ज वं ह म	रा पिताऽऽ जीऽ वर	प र ख से	ऽ त वं जा
म ग रे नि़	नि़ ग ग रे	– रे सा –	सा सा प प
इ जा वां तु	म रा ऽ सा	ऽ थ जी ऽ	ज वं हम
प पगमप धप पम	धप म ग रे	– नि़ – सा	म ग रे नि़
र दादाऽऽ जी दाय	जोऽ सं जो व	ऽ त वं जा	इ जा वां तु
नि़ ग ग रे	– रे सा –	सा सा प प	ध प म गमपध प
म रा ऽ सा	ऽ थ जीऽ	फु ल ड़ा बि	णं ति तू ऽऽऽ

बेटी को सीख

मात कहे बात भली सुण वो सुंदरी
लक्षधरी वात नऽ निभावजे, वो स्याणी कुळ ना लजावजे

(1) ससरा ख अपणा पिता सम जाणजे
सासू ख मांय सम मानजे, वो स्याणी कुळ ना लजावजे

(2) जेठ का सामनऽ हळु-हळु चालजे –
जेठाणी को मान बढ़ावजे, वो स्याणी कुळ ना लजावजे

(3) देवर ख अपणा भाई समय जाणजे
देराणी ख सई सम मानजे, वो स्याणी कुळ ना लजावजे

(4) नणद ख अपणी बईण सम जाणजे

नणदई जी आया मिजवान हो, स्याणी कुळ ना लजावजे

(5) *स्वामी की आज्ञा बिन पाणी मत पीजे वो*
सब कुटुम की सेवा करजे, वो स्याणी कुळ न लजावजे
मात कहे बात भली सुण वो सुंदरी.....

यद्यपि माँ और परिवार के प्रियजन बेटी को जन्म से ही संस्कारित करते हैं, ताकि वह विवाह पश्चात् सुख-शान्ति पूर्वक अपनी गृहस्थी संभालने का उत्तरदायित्व कुशलता से निबाहे। फिर भी माँ अपनी बेटी को विदा करते समय अंत तक प्यार से व्यवहार की सीख, उपदेश देती है, ताकि वह नये लोगों और वातावरण में अपने आपको समायोजित कर सके और उसके ससुराल की ओर से कोई उलाहना न मिले। वह वर और बारातियों तक पहुँचाते हुये भी उसे सीख देकर आश्वस्त होना चाहती है कि नये घर-परिवार में सभी को अपना समझकर यथोचित व्यवहार रखना और सबकी प्रिय बनना।

राग - भीमपलास　　ताल - दादरा चलत
थाट - काफी　　स्वर - ग़ नि कोमल

मात कहे बात भली सुणवो सुन्दरी.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
ग़ ग़ ग़	ग़ – रे	सा रे रे	सा – नि़
मा ऽ त	क ऽ हे	बा ऽ त	भ ऽ ली
सा सा सा	ग़ – म	प – –	– – –
सु ण वो	सुं ऽ द	री ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
प – प	प प प	प ध़ ध़	प – म
ल ऽ क्ष	ध ऽ री	वा ऽ त	न ऽ नि़
प – म	ग़ – सा	ग़ म –	प – –
भा ऽ व	जे ऽ वो	स्या ऽ ऽ	णी ऽ ऽ
ग़ – म	प नि़ प	ग़ – रे	सा – –
कु ऽ ल	ना ऽ ल	जा ऽ व	जे ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
ग़ – ग़	रे – –	सा – रे	सा – नि़

स स रा	ख ऽ ऽ	अ ऽ प	ण ऽ ऽ
ग़ ग़ ग़	म – प	ग़ – रे	सा – –
पि ता ऽ	स ऽ म	जा ऽ ण	जे ऽऽ
प – प	प – –	प ध़ –	प – म
सा ऽ सू	ख ऽऽ	मां य ऽ	स ऽ म
प – म	ग़ – सा	ग़ – म	प – –
मा ऽ न	जे ऽ वो	स्या ऽ णी	ऽ ऽ ऽ
ग़ – म	प नि प	ग़ – रे	सा – –
कु ऽ ळ	ना ऽ ल	जा ऽ व	जे ऽ ऽ

बधाई

आज सखि श्याम सुंदर ब्याही,
आज सिया राम की बधाई 2

(1) हरा-नीळा वास रो मंडपऽ बणायो 2
केळई रा खंब तो लगाईऽऽ।। आज सिया .....

(2) सूरिया जो गाय रो गोबर मंगाड़्यो 2
ढीगऽ-ढीगऽ अंगणा लिपाईऽऽ आज सिया .....

(3) सोहन गड़ुआ रो कलश भरायो 2
मोतियन चऊक तो पुराईऽ आज सिया .....

(4) बईण सुभद्रा नऽ आरती संजोई 2
रत्न रो दीपकऽ लगाई, आज सिया राम की .....

(5) बईण सुभद्रा नऽ आरती उठाई 2
चारई वीर मंडपऽ बधाईऽ आज सिया .....

(6) राणीऽ सुनयना नऽ बिदागी चुकाईऽ 2
हाथी दिया रे घोड़ा पालकीऽ, आज सिया राम .....

(7) राणीऽ कौशल्या नऽ बिदागी चुकाई 2
दखणा रो चीर ओढ़ाईऽऽ आज सिया राम की बधाई.....
आज सखि श्याम सुंदर ब्याही, आज सिया राम की बधाई

शुभ- विवाह संपन्न होने पर बारात वापिस वर के घर पहुँचने पर गाया जाने वाला बधाई गीत है। हरे-नीले बाँसों के मण्डप को आम्र-जामुन के पत्तों से छाया गया। केले के खम्ब लगाये गये। गाय के गोबर से घर-आँगन लीपे गये। सफेद ढीग चारों ओर दी गई और सुंदर मोतियों के

चौक बनाये गये हैं। बहन सुभद्रा ने रत्न के दीपक सहित आरती संजोई और चारों भाइयों को तिलक कर बधाया। विवाह उपरान्त रानी सुनयना ने अनेक बहुमूल्य भेंट विदाई में दी और साथ में हाथी, घोड़े, पालकी भी दिये। रानी कौशल्या ने भी सभी को मूल्यवान दक्षिण की रेशम के वस्त्रों की भेंट देकर सम्मानित किया। राम-सीता के इस शुभ-विवाह की अनेकानेक बधाइयाँ।

राग – भैरवी	ताल – दादरा
थाट – भैरवी	स्वर – रे ग ध नि कोमल

आज सखि श्याम सुंदर ब्याही...............

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – प	प – प	प – ध	प म म
आ ऽ ज	स ऽ खी	श्या ऽ म	सुं द र
ग प –	म – –	ग – रे	सा – रे
ब् या –	ही ऽ ऽ	आ ऽ ज	सि ऽ या
नि सा –	रे ग म	ग रे –	सा – –
रा म ऽ	की ब ऽ	ध ऽ ऽ	ई ऽ ऽ

अन्तरा

सा रे –	सा नि –	सा – –	ग – म
ह रा ऽ	नी ळा ऽ	वा ऽ ऽ	स ऽ रो
ग म –	प – म	ग रे –	सा – –
मं ऽ ड	प ऽ ब	णा ऽ ऽ	यो ऽ ऽ
सा प प	प – प	प – ध	प – म
के ळ ई	रा ऽ ऽ	खं ऽ ब	तो ऽ ल
ग – प	म – –	ग – रे	सा – रे
गा ऽ ऽ	ई ऽ ऽ	आ ऽ ज	सि ऽ या
नि – सा	रे ग म	ग रे –	सा – –
रा ऽ म	की ब ऽ	धा ऽ ऽ	ई ऽ ऽ

ऋतु गीत

मारू जी पांच अरज म्हारी या सुणो
नणद बाई रा वीरा जी

(1) मारू जी पयली अरज म्हारी या सुणो नणद बाई रा वीरा जी
मारू जी स्याळ रव्हां आप य्हां,
ऊंढाळ रव्हां बाप य्हां,
मख चौमासा मंऽ मामा घर पोयचाय देओ जी।।

(2) मारू जी दूसरी अरज म्हारी या सुणो.....
मारू जी स्याळ रव्हां धावा पर,
ऊंढाळ रव्हां छज्जा पर,
मख चौमासा मंऽ मयल थिगाय देओ जी।।

(3) मारू जी तीसरी अरज म्हारी या सुणो .....
मारू जी स्याळ पेरां नट्टी को,
ऊंढाळ पेरां गट्टी को,
मख चौमासा म हरो चूड़ो मंगाय देओ जी।।

(4) मारू जी चवथी अरज म्हारी या सुणो .....
मारू जी स्याळऽ पेरां धोंगड़ो,
ऊंढाळ पेरां पोमचो,
मख चौमासा मंऽ पचरंग चूनड़ रंगाय देओ जी ।।

(5) मारू जी पांचवीं अरज म्हारी या सुणो .....
मारू जी सासू मारे लाकड़ी,
नणद मारे थापड़ी,
मख तुम तो हिरदा सी लगाय लेओ जी ।।
मारू जी पांच अरज म्हारी या सुणो .....

चौमासे में पत्नी–पति के बाहर यात्रा पर जाने से दु:खी हो उठती है। विरह–व्यथा की कल्पना से वह व्याकुल हो उठती है और पति को यात्रा पर न जाने के लिये मनाती है, तो कभी रूठती है और कभी शिकायत करती है। वह अपनी अनेक फरमाईशें पूरी करने का आग्रह करती है। कभी अनुनय–विनयपूर्वक रोकने का प्रयास करती है और यहाँ तक कि उनकी अनुपस्थिति में सास ननदों के अप्रिय व्यवहार की शिकायत करते हुए उनसे प्रेम से हृदय से लगा लेने का आग्रह भी करती है।

विवाह पश्चात् बेटी पीहर आती है या ससुराल जाती है, तब भी यह गीत गाया जाता है ।

राग – भीमपलास　　ताल – कहरवा
थाट – काफी　　स्वर – ग़ नि़ कोमल

मारू जी पांच अरज म्हारी या सुणो–.....

स्थाई

प़् सा सा रे	रे ग़ ग़ रे	सा – प़् –	नि़ – सा –
मा रू जी ऽ	पाँ ऽ ऽ ऽ	च ऽ अ ऽ	र ऽ ज ऽ
रे – म –	ग़ – – –	रे – सा प़्	नि़ – सा –
म्हा ऽ री ऽ	या ऽ ऽ ऽ	सु ऽ णो न	ण़ ऽ द ऽ
रे – ग़ सा	रे म ग़ म	रे ग़ रे सा	सा – – –
बा ऽ ई रा	वी ऽ ऽ ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	जी ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प़् सा सा रे	रे – ग़ –	ग़ – रे प़्	नि़ – सा –
मा रू जी ऽ	प ऽ य ऽ	ली ऽ अ ऽ	र ऽ जऽ
रे – म –	ग़ – – –	रे – सा प़्	नि़ – सा –
म्हा ऽ री ऽ	या ऽ ऽ ऽ	सु ऽ णो न	ण़ ऽ द ऽ
रे – ग़ सा	रे म ग़ म	रे ग़ रे सा	सा – – –
बा ऽ ई रा	वी ऽ ऽ ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	जी ऽ ऽ ऽ
प़् सा सा रे	रे – ग़ –	रे सा नि़ –	सा – रे –
मा रू जी ऽ	स्या ऽ ळ ऽ	र ऽ व्हां ऽ	आ ऽ प ऽ
ग़ – ग़ –	सा – रे –	रे सा नि़ –	सा – रे –
य्हां ऽ उं ऽ	ढा ऽ ळ	र ऽ व्हां ऽ	बा ऽ प ऽ
ग़ – सा सा	सा रे रे म	म – प –	ग़ – ग़ –
य्हां ऽ म ख	चौ ऽ मा ऽ	सा ऽ मं ऽ	मा ऽ मा ऽ
रे ग़ सा रे	रे म ग़ म	रे ग़ रे सा	सा – सा –
घ र पो य	चा ऽ ऽ य	दे ऽ वो ऽ	जी ऽ ऽ ऽ
सा – सा –	सा रे रे म	म – प –	ग़ – ग़ –
अ ऽ रे ऽ	चौ ऽ मा ऽ	सा ऽ मं ऽ	मा ऽ मा ऽ
रे ग़ सा रे	रे म ग़ म	रे ग़ रे सा	सा – – –
घ र पो य	चा ऽ ऽ य	दे ऽ वो ऽ	जी ऽ ऽ ऽ

भावगीत

सीता तू देवी कवाय,
वन मंऽ विपदा घणी छे 2

(1) मांय बी छोड़ी तूनऽ बाप बी छोड़्यो 2
छोड़्यो तूनऽ सई न को साथ, वन मंऽ विपदा .....
(2) सासू (भी) बी छोड़ी तूनऽ ससरा जी छोड़्या 2
छोड़्यो कुटुम परिवार, वन मंऽ विपदा घणी छे
(3) लछमन सरीका देवर बी छोड़्या 2
छोड़्यो तू नऽ राम जी को साथ वन मंऽ विपदा .....
(4) लवकुश सरीका पुत्र बी छोड़्या 2
(रही) रई तूऽ धरती समाय, वन मंऽ विपदा .....
सीता तू देवी कवाय, वन मंऽ विपदा घणी छे .....

गीता में भगवान ने कहा है कि जब धरती पर धर्म की हानि और अधर्म का बोलबाला हो जाता है, तब धर्म और सज्जनों की रक्षा तथा पापियों के नाश के लिये धरती पर प्रभु अवतरित होते हैं। त्रेतायुग में विष्णु जी ने राजा दशरथ के पुत्र राम के रूप में अवतार लिया एवं सीता रूप में लक्ष्मी जी अवतरित हुई। भगवान ने अवतार लेकर मनुष्य को सत्य का पालन करते हुए परोपकार पूर्ण जीवन आदर्श प्रस्तुत किया। पारिवारिक, सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन को एक सामान्य मनुष्य की तरह जी कर बताया। देवी लक्ष्मी ने सीता के रूप में राम के साथ रहकर एक सामान्य स्त्री (मनुष्य रूप में) के जीवन-आदर्शों को व्यवहार में उतारा। जब आदमी से निम्न स्तर के कार्य करता है, तो दानव कहलाता है और मनुष्यता से उच्च स्तर के आचरण और कार्य करता है, तो देवता (देवी) कहलाता है।

मानव रूप में स्वर्ग से धरती पर आई सीता रूप में लक्ष्मी ने सभी कष्ट आदर्श और सत्य को स्थापित करने के लिये सहन किये, अत: जन ने उन्हें देवी कहा। लोकोपवाद के कारण प्रजारंजन हेतु राजा राम ने पवित्र सीता का परित्याग किया था। राजा राम की रानी सीता ने अपने पति के आदेश और इच्छा का पालन किया। राम की अनुगामिनी सीता ने माता-पिता व सखियों का साथ छोड़ा था और फिर सास-ससुर-कुटुम्ब-परिवार को छोड़ वन में निर्वासित जीवन पति की धरोहर (गर्भ में स्थित लव-कुश) की रक्षा कर राम को सौंपने के लिये जीवन व्यतीत किया और अन्त में पुन: अयोध्या-वासियों के समक्ष अपनी पवित्रता का प्रमाण देते हुए आत्मसम्मान की रक्षा में अपने अबोध व प्रिय पुत्रों लव और कुश को छोड़ धरती में समा गई। पवित्रता की साक्षात् मूर्ति सामान्य मानवी न होकर लोक के लिये देवी स्वरूप थीं, अत: इस लोकगीत में उन्हें देवी संबोधित किया है।

राग - पीलू　　ताल - दादरा
थाट - काफी　　स्वर - सभी कोमल एवं शुद्ध स्वर

सीता तू देवी कवाय, वन मं ऽ विपदा घणी छे.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
रे ग रे	ग रे सा	सा रे ग	म – ग
सी ऽ ता	ऽ तू ऽ	दे ऽ वी	ऽ ऽ क
म म म	म प प	ग ग रे	सा रे रे
वा ऽ ऽ	ऽ य ऽ	व ऽ न	मं ऽ ऽ
ग म ग	ग रे सा	सा सा सा	सा – सा
वि प दा	ऽ घ ऽ	णी ऽ छ	ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

सा सा प	प प प	प प ध	प प
मां ऽ य	बी छो ऽ	ड़ी ऽ तू	न ऽ ऽ
म म ध	ध प प	ग ग रे	सा – –
बा ऽ प	ऽ बी ऽ	छो ऽ ड़ूयो	ऽ ऽ ऽ
रे रे ग	रे रे ग	रे सा रे	ग म ग
छो ऽ ड़ूयो	तू ऽ न	ऽ स ई	न ऽ को
ग म म	म प –	ग ग रे	सा रे रे
ऽ सा ऽ	ऽ थ ऽ	व ऽ न	मं ऽ ऽ
ग म ग	ग रे सा	सा सा सा	सा – सा
वि प दा	ऽ घ ऽ	णी ऽ छ	ऽ ऽ ऽ

चाँदा थारी चकमक रात मंऽ जी कईं
चाँदा रा उजियाला चंवसर खेलसांऽ 2

(1) तू छे गोरी दुरबल घर की डीकरी जी कई
चंवसर खेलांऽऽ राज दीवान सीऽ

(2) हमरा जो पीयर सौ-सौ चरवा द्रव्य का जी कईं
तुमरा सरीका हरिवाण जी उभिया

(3) एतरो जो सुणत लागी राजा खऽ रीस, जी कईं
गोरा-सा मुखड़ा पर मारी थापड़ी जी कई
पतली-सी कम्मर पर मारी लाकड़ीऽ

(4) उठो दासी दीवलो लगाओ जी कईं
कारट तो लिखांऽ दुरबल बाप खऽ
(5) दीवलो जोवत दासी न देर हुई जी कईं
चाँदा रा उजियाला कारट लिखिया
(6) भरी सभा मंऽ इन्दर राजा बठिया जी कईं
डाक्या वालो देव दामोदर उभियाऽ
(7) कारट बाचत दादा जी बठिया जी कईं
अंसुवन भीग्यो हरिया रूमाल जीऽऽ
(8) अपणा जो घर मंऽ सौ-सौ चरवा द्रव्य का जी कईं
फौजां लई चलां बाई रा देस जीऽ
(9) अपणा जो घर मंऽ पांचई पुत्र छे जी कईं
फौजां लई-चलो बाई रा देश जीऽ
(10) उठो दासी खिड़की खोलो जी कईं
फौज्यां आई दुरबल बाप कीऽ
(11) अब की फौजां पच्छी फेरो राणी जी कईं
तुम जीत्या नऽ हम ते हारियाऽऽऽ
चाँदा थारी चकमक रात मंऽ जी कईं
चाँदा रा उजियालाऽ चंवसर-खेलसां

कभी-कभी छोटी-सी बात भी गंभीर रूप ले लेती है। कभी अभिमान या घमंड में व्यक्ति दूसरे के मान का ध्यान नहीं रखता है, तो स्थिति विकट बन जाती है। पति सदैव अपने परिवार को श्रेष्ठ और सही बतलाता है और पत्नी के पीहर वालो को अपने से कम मान-सम्मान वाले मानते हैं, इससे पत्नी को दु:ख होता है। स्वयं अधिक संपन्न हैं और ससुराल वाले किसी लायक नहीं हैं और न उनके समकक्ष ठहर सकते हैं। ऐसा जतलाते रहते हैं। ऐसा ही राजा रानी के इस गीत में वर्णन है।

जब पत्नी चाँदनी रात में चौसर खेलने का पति से आग्रह करती है, तो वह उपेक्षापूर्वक कह देता है कि- तुम तो गरीब घर की लड़की हो, चौसर तो बड़े-बड़े राजा-महाराजाओं और दीवानों के साथ खेला जाता है, गरीबों के साथ नहीं। पत्नी को ये वाक्य तीर की तरह चुभ गये। वह बहुत दु:खी हुई। उसने दासी से कहा- दीपक जलाकर जल्दी ले आओ, मैं अपने गरीब पिता को पत्र लिखूँगी। परन्तु दासी के दीपक लाने तक धैर्य कहाँ? उसने चाँद के उजियाले में पत्र लिखा और दामोदर कृष्ण डाकिया बनकर पत्र लेकर पिता जी के दरबार में पहुँच गये। पिता पत्र पढ़कर दु:खी हो बैठ गये। आँसुओं की धार से उनका रूमाल भींग गया। अपना और अपनी

बेटी का अपमान और उसके दु:ख से व्याकुल हो उन्होंने क्रोध में कहा– मेरी बेटी ने तो सच ही कहा था कि मेरे पिता के यहाँ सौ–सौ चरवे द्रव्य (अशर्फियों से) से भरे हैं, वे बड़े राजा हैं, जिनके सामने आप जैसे अनेक राजा हाथ बांधे खड़े रहते हैं। इस बात पर मेरी बेटी को मारा, उसका अपमान किया। पाँचों पुत्र सहित फौज लेकर बेटी के देश पिता चले, उस अभिमानी का अभिमान चूर करने। पिता को फौज सहित आया जान रानी ने दासी से कहा– खिड़की खोलो, देखो, गरीब बाप की फौज आ गई। पति जी समझ गये कि गलती हो गई, बात बिगड़ गई। सो पत्नी को इस बार फौज वापिस करवाने का आग्रह करने लगे।

राग – पीलू	ताल – कहरवा
थाट – काफी	स्वर – दोनो गंधार दोनों निषाद

चांदा थारी चकमक रात मंऽ जी...........

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – सा –	प – प –	प – प –	नि – नि –
चां ऽऽऽ	दा ऽ ऽ ऽ	था ऽ ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ
नि – नि –	ध – ध –	प – प –	म – म –
च ऽ ऽ ऽ	क ऽ ऽ ऽ	म ऽ ऽ ऽ	क ऽ ऽ ऽ
ग – म म	प – प –	ग – रे –	सा – नी –
रा ऽ ऽ ऽ	त ऽ ऽ ऽ	म ऽ जीऽ	क ऽ ई ऽ
सा – – –	रे रे ग ग	रे – रे –	प – प –
चां ऽ ऽ ऽ	दा ऽ ऽ ऽ	रा ऽ ऽ ऽ	उ ऽ जि ऽ
म ध प म	ग ग रे सा	सा – सा –	रे रे ग ग
या ऽ ऽ ऽ	ळा ऽ ऽ ऽ	चौ ऽ ऽ ऽ	स ऽ ज ऽ
रे रे ग ग	रे रे सा सा	सा – सा –	सा – सा –
ख ऽ ऽ ऽ	ऽ ल ऽ ऽ	सां ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
सा – सा –	प – प –	प – नि नि	नि नि नि नि
तू ऽ ऽ ऽ	छे ऽ ऽ ऽ	गो ऽ री ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

नि – ध –	प – प –	म म म म	ग – ग –
दु ऽ र ऽ	ब ऽ ल ऽ	घ ऽ र ऽ	की ऽ ऽ ऽ
ग ग ग म	म प प प	ग – ग –	रे – सा नी़
डी ऽ ऽ ऽ	ऽ क ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ	जी ऽ क ई
सा – सा –	रे रे ग ग	रे – रे –	प – प –
च ऽ व ऽ	स ऽ र ऽ	खे ऽ ऽ ऽ	लां ऽ ऽ ऽ
म प म ग	म ग रे –	सा – सा –	रे रे ग ग
रा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ज ऽ ऽ ऽ	दी ऽ ऽ ऽ
रे रे सा सा	सा – सा –	सा – सा –	सा – – –
वा ऽ ऽ ऽ	ऽ न ऽ ऽ	सी ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

रास

नथ म्हारी दीजो हो गिरिधारी 2

(1) रास रमन्ता नथ म्हारी गुमी गई 2
अमलो किन पर करसां कान्हा, नथ दीजो गिरिधारी

(2) मथुरा जो नगरी मंऽ सोनी बसत है 2
ओनऽ म्हारी नथनी घड़ी थी कान्हा।। नथ दीजो .....

(3) आस-पास हीरा मोती जड़्या था 2
बीच-बीच चुन्नी जड़ी थी कान्हा।। नथ दीजो.....

(4) तू मत जाण कान्हा नथ फोकट की 2
गौआ दलाली मंऽ जासे रे कान्हा ।। नथ दीजो .....

(5) सबरी गुवालन हिल मिल ढूंढो 2
ग्वालन भई रे उदासी कान्हो।। नथ दीजो .....
नथ म्हारी दीजो हो बनवारी .....

राधा-कृष्ण गोप-ग्वालों के असंख्य रास गीतों में से इस गीत में गोपी कृष्ण पर आरोप लगाती हुई कह रही हैं कि आपने मेरी अमूल्य नथ ले ली है, जो रास खेलते समय गिर गई थी। उस नथ को मथुरा नगरी के कुशल सुनार ने बनाया था जिसमें हीरे-मोतियों के बीच-बीच चुन्नी जड़ी हुई है। वह अत्यन्त सुंदर और मूल्यवान नथनी यदि तुमने नहीं लौटाई, तो तुम्हारी सारी गायें मैं रख लूँगी, जो तुम्हें बहुत प्रिय हैं। आखिर ग्वालन का मन रखने के लिये कृष्ण समस्त गोपियों को नथ ढूंढ़ने का कहते हैं, क्योंकि वह गोपिका बहुत उदास हो गई है। भला अपनी गोपिकाओं को आनंदित करने वाले कृष्ण उन्हें उदास कैसे देख सकते हैं।

राग – आसावरी
थाट – आसावरी

ताल – कहरवा
स्वर – ग ध नि कोमल

नथ म्हारी दीजो हो बनवारी.....

स्थाई

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
म म ध ध	प म ग रे	सा सा रे रे	म – – –
न ऽ थ ऽ	म्हा ऽ री ऽ	ऽ दी ऽ ऽ	जो ऽ ऽ ऽ
प प नि नि	ध प म म	प प प प	प प प प
हो ऽ ऽ ऽ	ब ऽ न ऽ	वा ऽ ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

प म म म	ग – म म	प प ध ध	प – – –
ऽ रा ऽ ऽ	स ऽ र ऽ	मं ऽ ऽ ऽ	ता ऽ ऽ ऽ
प प सां सां	सां सां सां सां	ध ध नि नि	ध ध प प
ऽ न थ ऽ	म्हा ऽ री ऽ	गु ऽ मी ऽ	ग ऽ ई ऽ
प सा सा प	प – – –	प प नि नि	ध ध प प
ऽ अ ऽ म	लो ऽ ऽ ऽ	कि ऽ न ऽ	प ऽ र ऽ
म म म म	ध ध प प	म म ग ग	रे रे सा सा
क ऽ र ऽ	सां ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	का ऽ न्हा ऽ
सा सा सा रे	रे म म म	प प नि नि	ध प म म
ऽ न ऽ थ	ऽ दी ऽ ऽ	जो ऽ ऽ ऽ	ब ऽ न ऽ
प – – –	प – – –		
वा ऽ ऽ ऽ	री ऽ ऽ ऽ		

नृत्य

होटल मंऽ होय तो बुलई लीजो,
मखऽ इच्छू (बिच्छू) नऽ काट्यो 2
खेतऽ मंऽ होय तो बुलई दीजो,
मखऽ इच्छू नऽ काट्यो 2
(1) पयली लहेर म्हारा पांय प आई 2
पांय की मच्छी उतारी लीजो,

म्हारा पांय की पायल उतारी दीजो ।। होटल मंऽ .....

(2) *दूसरी लहेर म्हारा कम्मर पर आई 2*
कम्मर को कदरो उतारी दीजो, मखऽ बिच्छू नऽ काट्यो

(3) *तीसरी लहेर म्हारा गला तक आई 2*
गला की तुस्सी उतारी लीजो,
म्हारा गला की माला उतारी दीजो, मखऽ बिच्छू नऽ .....

(4) *चवथी लहेर म्हारा कानऽ तक आई 2*
कान की झुमकी उतारी दीजो,
म्हारा कान का टाप्स उतारी लीजो, मखऽ बिच्छू .....

(5) *पांचवीं लहेर म्हारा माथ तक आई 2*
माथा की बिन्दी उतारी लीजो रे,
म्हारा माथा को टीको उतारी दीजो, मखऽ बिच्छू नऽ.....
होटल मंऽ होय तो बुलई लीजो
मखऽ बिच्छू नऽ काट्यो .....

इस नृत्य गीत में नखराली नई-नवेली पत्नी अपनी सखियों और परिवारजनों से आग्रह पूर्वक कह रही है कि मेरे प्रियतम जहाँ कहीं भी हों, उन्हें शीघ्र बुला दीजिये। क्योंकि मुझे बिच्छू ने काट लिया है। मेरे प्रियतम ही इस विपत्ति और पीड़ा से मुझे बचा सकेंगे। अंग-अंग में विष का असर निरन्तर बढ़ रहा है। मेरे विभिन्न आभूषण उतार देना। उन्हें शीघ्र बुला दीजिये। वे होटल में होंगे या खेत में। उनके आने से ही बिच्छू का विष उतरेगा। सही भी है- नखरे उठाने वाले प्रियतम का प्रेम, चिंता और प्रिया की पीड़ा जनित व्याकुलता ही ऐसे कष्ट के समय में प्रिया को राहत देगी और तब पीड़ा का अनुभव कम ही होगा। वो साथ हों, सामने हों, तो मरने का भी कोई भय नहीं । श्रृंगार, उल्लास, उमंग और मधुरता से परिपूर्ण गीत है।

राग - धानी	ताल - दादरा
थाट - काफी	स्वर - ग़ नि़ कोमल

होटल मंऽ होय तो बुलई दीजो.....

स्थाई

× - - -	0- - -	× - - -	0 - - -
म म म	म म म	म म म	म म म
हो ऽ ट	ळ मं ऽ	हो य ऽ	तो ऽ बु

ग ग ग	म प प	म म ग	सा सा –
ल ई ऽ	दी ऽ ऽ	जो ऽ ऽ	म ख ऽ
सा सा ग	नि़ – –	सा – सा	सा – सा
इ ऽ च्छू	न ऽ ऽ	का ऽ ट्	यो ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	0– – –	× – – –	0 – – –
म म म	म ग ग	म म ग	सा सा सा
प य ली	ऽ ल ऽ	य ऽ र	म्हा ऽ रा
सा सा ग	ग नि़ नि़	सा – सा	सा – –
पां ऽ य	ऽ प ऽ	आ ऽ ऽ	ई ऽ ऽ पां
प प प	प प प	प प ध	ध प प
पां ऽ य	ऽ की ऽ	म ऽ च्छी	ऽ उ ऽ
म म ग	म प प	म म म	प प प
ता ऽ री	ली ऽ ऽ	जो ऽ ऽ	म्हा ऽ रा
प प प	प प प	प प ध	ध प प
पां ऽ य	ऽ की ऽ	पा ऽ य	ळ उ ऽ
म म ग	म प प	म म ग	सा सा सा
ता ऽ री	ली ऽ ऽ	जो ऽ ऽ	म ख ऽ
सा – ग	नि़ – –	सा – सा	सा – सा
बि ऽ च्छू	न ऽ ऽ	का ऽ ट्	यो ऽ ऽ

ऋतु

पाणी की पयली फुहार जीऽ
भींजऽ म्हारी रेशम की साड़ीऽ 2

(1) साड़ी भिंजाणी म्हारी अंगिया भिंजाणी 2
भींजी गयो जरी को पल्लव
भींजऽ म्हारी रेशम की साड़ी।। पाणी की पयली .....

(2) बिंदी भींजाणी म्हारो टीको भींजाण्यो 2
भींजी गयो मुखड़ो म्हारो हो 2
भींजऽ म्हारी रेशम की साड़ी ।। पाणी की .....

(3) रिमझिम-रिमझिम मेहुळो वरसऽ 2
पवन चलऽ पुरवाई हो 2
भींजऽ म्हारी रेशम की साड़ी ।। पाणी की .....

(4) संगी सहेली म्हारी झूलणाऽ झूल ऽ 2
सरावण मयनो आयो वोऽ 2
भींज म्हारी रेशम की साड़ी ।। पाणी की .....

(5) सरावण गरजऽ न भांदव वरसऽ 2
पवन चल रे पुरवाई वोऽ 2
भींजऽ म्हारी रेशम की साड़ी ।। पाणी की .....

ग्रीष्म के पश्चात् सुहावनी वर्षा का मनोरम आगमन होता है। चौमासे में (वर्षा काल) हमारे पर्व-व्रत-त्योहारों की भी झड़ी लगती है। आषाढ़ के घुमड़ते काले मेघ ग्रीष्म की तपन कम करते हैं और वर्षा की पहली फुहार तन-मन को भिगोकर उमंग, उत्साह और उल्लास से भर देती है।

पानी की सुखद पहली फुहार ने सुंदर रेशमी साड़ी और अंगिया भिगो दी। साड़ी की जरी का पल्ला भी उस फुहार में भीग गया। मन पुलकित हो उठा। ऐसे आनंद पर मूल्यवान साड़ी और आभूषण सब कुछ न्यौछावर है, जिसने मेरे अंग-अंग में उत्साह भर दिया। रिमझिम-रिमझिम वर्षा हो रही है और पुरवाई पवन ने सबको मस्ती के रंग में डुबो दिया। श्रावण के झूले पड़ गये हैं और सारी सखियाँ पीयर आकर अमराइयों में झूले-झूल रही हैं। श्रावण में गरजने वाले ये बादल भादव में बरसेंगे और तब मुझे अपने घर अवश्य लौटना है।

राग - बिहाग　　ताल - दादरा
थाट - बिलावल　　स्वर - सभी शुद्ध एवं दोनों मध्यम

श्रावण की ठंडी फुहार जी .....

स्थाई

ग ग ग	ग ग ग	ग रे रे	ग ग ग
पा ऽ णी	की प ऽ	य ली ऽ	फु ऽ ऽ
प प प	म म म	ग रे रे	सा सा नि
हा ऽ र	जी ऽ ऽ	भीं ज ऽ	म्हा ऽ री
नि़ नि़ सा	सा रे रे	ग रे रे	सा - -
रे ऽ स	म की ऽ	सा ऽ ऽ	ड़ी ऽ ऽ

अन्तरा

सा सा ग	ग म मं	प प प	प प प
सा ऽ ड़ी	ऽ भीं ऽ	जा ऽ णी	म्हा ऽ री
म प मं	– प प	म म ग	– – –
अं गि या	ऽ भीं ऽ	जा ऽ णी	ऽ ऽ ऽ
ग – ग	ग – ग	– – –	– – –
भीं ऽ जी	ग ऽ यो	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ
ग – ग	ग – ग	ग ग रे	रे ग ग
भीं ऽ जी	ग ऽ यो	ज ऽ री	ऽ को ऽ
प प म	म म म	ग रे रे	सा सा नि़
प ऽ ल्लू	ऽ व ऽ	भीं ऽ ज	म्हा ऽ री
नि़ नि़ सा	सा रे रे	ग रे रे	सा – –
रे ऽ स	म की ऽ	सा ऽ ऽ	ड़ी ऽ ऽ

घट्टी

घर रहो घर रहो जी
अब को चौमासो मारू जी घर रव्हो जी
घर रन्हो नणदी रा वीर
अब को चौमासो मारू जी घर रहो जी

(1) जाओ तो घोळ्या लीपणो जी
रहो तो मोतियन चऊक 2
घर रहो .....

(2) जाओ तो रांधा खीचड़ी जी
रहो तो नखछोळ्यो भात 2
घर रहो .....

(3) जाओ तो पेरां चूनड़ी जी
रहो तो दखणारो चीर 2
घर रहो .....

(4) जाओ तो रव्हां उदासी जी
रहो तो मांडा खेल 2

घर रहो घर रहो जी
अब को चौमासो मारू जी घर रहो जी
घर रहो नणदी रा वीर
अब को चौमासो मारू जी घर रहो जी

लोक गीतों में चौमासा गीतों का अपना विशिष्ट स्थान है । जब वर्षा की झड़ी लग जाती है, नदी-नाले पूर आ जाते हैं, तो व्यापार-व्यवसाय हेतु यात्रा पर न जाने का गृहिणी आग्रह करती है। वर्षा ऋतु में खेती बाड़ी के कार्यों में थोड़ी कमी आती है। परंतु अनिवार्य होने पर यात्रा पर जाना पड़ता है, तब पत्नी अकेलेपन की कल्पना कर विरह की संभावना से व्यथित हो यात्रा पर न जाने का निवेदन करती है। पत्नी का बनाव-श्रृंगार-सजावट पति की उपस्थिति में सुशोभित होता है, वह उत्साहित रहती है, तरह-तरह के व्यंजन पति के लिये बनाती है। परंतु पति के यात्रा पर जाने पर वह गृहकार्यों में अपने आपको व्यस्त रखती है। पहले के समय में आज की तरह अनाज पीसने की चक्कियाँ नहीं थीं और महिलायें प्रतिदिन प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में उठकर गीत गाते हुये चक्की (घट्टी) में अनाज पीसती थीं। इससे स्वस्थ भी रहती थीं, और खाद्य पदार्थ की शुद्धता भी रहती थी। गाते हुये चक्की पीसने से श्रम की थकान भी नहीं होती थी और समय भी व्यतीत हो जाता था।

विवाह पश्चात् बेटी जब मायके आती है, तब और ससुराल जाते समय यह बधावा गाया जाता है। इस गीत से बेटी को शिक्षा भी मिलती है कि प्रियतम के बिना सब कुछ सूना है, वे ही अब सर्वस्व हैं। उनके साथ ही जीवन के सारे सुख होते हैं। खाना-पीना, पहनना-ओढ़ना-श्रृंगार सब कुछ उनके लिये है। अपने पति और परिवार में ही मन लगाना है- यह संदेश है इस गीत में।

राग - बिलावल　　ताल - दीपचंदी
थाट - बिलावल　　स्वर - शुद्ध स्वर

घर रहो घर रहो जी, अब को चौमासा .....

स्थाई

× - - -	2- - -	0 - - -	3 - - -
ध़ - सा	सा - सा -	रे - म	ग रे सा -
घ ऽ र	र ऽ हो ऽ	घ ऽ र	र ऽ हो ऽ

ग – –	रे – रे –	– – –	– – –
जी ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
प – प	म – ग –	रे – सा	सा रे ग प
अ ऽ ब	को ऽ चौ ऽ	मा ऽ सो	मा रू जी ऽ
म – ग	रे – सा –	सा – –	– – – –
घ ऽ र	र ऽ हो ऽ	जी ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
ध़ – सा	सा – सा –	रे – म	ग – रे –
घ ऽ र	र ऽ हो ऽ	न ऽ ण	दी ऽ रा ऽ
सा – ग	– – रे –	– – – –	– – – –
वी ऽ ऽ	ऽ ऽ र ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
प – प	म – ग –	रे – सा	सा रे ग प
अ ऽ ब	को ऽ चौ ऽ	मा ऽ सो	मा रू जी ऽ
म – ग	रे – सा –	सा – –	– – – –
घ ऽ र	र ऽ हो ऽ	जी ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

अन्तरा

× – – –	2– – –	0 – – –	3 – – –
– ग – –	रे – सा –	सा – –	सा – – –
जा ऽ ऽ	वो ऽ तो ऽ	घो ऽ ऽ	ळां ऽ ऽ ऽ
रे – म	– – म –	प – –	ध – – –
ली ऽ ऽ	ऽ ऽ प ऽ	णो ऽ ऽ	जी ऽ ऽ ऽ
प – ध	प – म –	ग – सा	रे – सा –
र ऽ ऽ	हो ऽ तो	मो ऽ ति	य ऽ न ऽ
सा – सा	सा सा प –	म – प	म ग रे –
च ऽ ऊ	ऽ क ओ ऽ	मा ऽ रू	जी ऽ ऽ ऽ
रे – ग	म – प –	म – ग	रे – सा –
र ऽ ऽ	हो ऽ तो ऽ	मो ऽ ति	ऽ य ऽ न
सा – सा	सा सा सा –	सा – – –	– – – –
च ऽ ऊ	ऽ क ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ

पर्व-त्योहार के गीत

देवी गीत

गणगौरी रो पुत्र गजानन्द छे जी .....
गणगौरी रो पुत्र गजानन्द छे जी,
गजानन्द छे जी गणपति छे जी ।। गणगौरी .....
जे का पान फूल केवड़ा सुगन्ध छे जीऽ गणगौरी रो.....

(1) *भाई रे कुम्हार्‌या तम रींझणो जीऽ*
म्हारा गरभा खऽ गरभी पुरावजों जीऽ ।। गणगौरी.....

(2) *भाई किरसाण्या तम रींझणों जी*
म्हारा गरभा खऽ घऊंड़ा पुरावजों जीऽ ।। गणगौरी .....

(3) *भाई रे कसार्‌या तन रींझणो जी,*
म्हारा गरभा खऽ दिया पुरावजो जीऽ ।। गणगौरी.....

(4) *भाई पिंजार्‌या तम रींझणो जी*
म्हारा गरभा खऽ बाती पुरावजो जीऽ ।। गणगौरी .....

(5) *भाई रे तेली तम रींझणो जीऽ*
म्हारा गरभा खऽ तेल पुरावजो जीऽ ।। गणगौरी .....

(6) *भाई रे वाण्या तम रींझणो जीऽ*
म्हारा गरभा खऽ कपूर पुरावजो जीऽ ।। गणगौरी .....

(7) *भाई रे बजाजी तम रींझणो जीऽ*
म्हारा गरभा खऽ वन्नी ओढ़ावजो जीऽ ।। गणगौरी .....

(8) भाई रे कहार्‌या तम रींझणों जीऽ
म्हारा गरभा खऽ मेवो पुरावजो जीऽ।। गणगौरी .....

(9) भाई रे हलवईया तम रींझणो जीऽ
म्हारा गरभा ख मिठई पुरावजो जीऽ।। गणगौरी .....

(10) भाई रे माळ्ई तम रींझणो जीऽ
म्हारा गरभा खऽ हार पुरावजो जीऽ।। गणगौरी .....

(11) भाई रे तमाळ्ई तम रींझणोऽ जी
म्हारा गरभा खऽ पान पुरावजो जी।। गणगौरी रो पुत्र .....
गजानन्द छे जी गणपति छे जी,
हो जे का पान फूल केवड़ो सुगन्ध छे।। गणगौरी रो पुत्र .....

